आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 172- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 23 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष -13 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

## अंतिम वनडे आज



भारतीय टीम ने इन दोनों ही मैचों में भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी ताकत का अहसास कराया। मेहमान टीम ने सीरीज अपने नाम कर लिया है तीसरे वनडे में नजर है

# Tokyo Olympics आज से शुरु होगा खेलों का महाकुंभ

**टोक्यो।** खेलों का महाकुंभ कहे जाने वाले ओलंपिक का शुभारंभ आज से होने जा रहा है। कोरोना महामारी की वजह से एक साल तक स्थगित रहने के बाद अब इसका आयोजन होने जा रहा है। इसके लिए दुनियाभर के 11 हजार से अधिक खिलाड़ी जापान की राजधानी टोक्यो पहुंच चुके हैं। शुक्रवार को इस बड़े विश्वस्तरीय टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह को एक सीमित और कई तरह की पाबंदियों के बीच आयोजित किया जाएगा। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस खूबसूरत समारोह के आयोजन को कहां और कैसे देख सकते हैं। टोक्यो ओलंपिक 2020 रविवार यानी आज से जापान की राजधानी टोक्यो में होगा। टोक्यो ओलंपिक का उद्घाटन समारोह भारतीय समयानुसार शाम 4.30 बजे से होगा समारोह का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा, अंग्रेजी और हिंदी दोनों ही भाषाओं में फैंस लाइव एक्शन का मजा ले सकते हैं। इसके अलावा फैंस डीडी स्पोर्ट्स पर भी इसे देख पाएंगे। लाइव स्ट्रीमिंग सोनी लिव एप पर देखने को मिलेगी। ओलंपिक के उद्घाटन समारोह के मार्चपास्ट में भारतीय दल 21वें नंबर पर रहेगा। भारतीय दल के ध्वजवाहक मुक्केबाज मैरी कॉम और हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह रहेंगे।

23 जुलाई

4.30 बजे

भारतीय दल 21 वें नंबर पर

ध्वज वाहक मैरी कॉम

प्रसारण सोनी, डीडी स्पोर्ट्स






### गोल्ड मेडल जीतनेवाले खिलाड़ी को मिलेंगे 75 लाख रुपये

भारतीय ओलंपिक संघ ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए टोक्यो ओलंपिक के पदक विजेताओं के लिए इनामी राशि का पहले ही ऐलान कर दिया है। दरअसल टोक्यो में हो रहे 32वें ओलंपिक खेलों में भारत की ओर से 125 एथलीटों का भारी-भरकम दल शामिल हुआ है और इस बार भारतीय एथलीटों में काफी उम्मीदें हैं। भारत कई खेलों में स्वर्ण पदक तक का दावेदार है और उम्मीद की जा रही है कि इस बार ओलिंपिक में भारतीय खिलाड़ी इतिहास का सबसे अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### मध्यप्रदेश से दो पदाधिकारी जाएंगे टोक्यो

मध्य प्रदेश के दो पदाधिकारी भारतीय कयाकिंग कैंनोइंग संघ के महासचिव प्रशांत कुशवाह और मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह शामिल है यह दोनो टोक्यो जाएंगे। भारतीय दल 27 जुलाई को रवाना होगा। पेज 7 पर भी देखें

## क्विक अपडेट



### परमबीर सिंह के खिलाफ रंगदारी का दूसरा मामला दर्ज

**मुंबई।** मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह पर संकट के बादल गहराते ही जा रहे हैं। हाल ही में उनके खिलाफ करोड़ों रुपयों की वसूली और रंगदारी का आरोप लगा ही था कि अब उनके खिलाफ रंगदारी का दूसरा मामला दर्ज हुआ है एक व्यक्ति से कथित तौर पर दो करोड़ रुपये मांगने के मामले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में कुल छह लोगों के नाम शामिल हैं।

### 6 जिलों में बारिश से तबाही, पांच की मौत, 30 अब भी लापता



**मुंबई।** ममहाराष्ट्र में राजधानी मुंबई के अलावा सांगली, अकोला, अमरावती, नागपुर, कोल्हापुर समेत कई जिलों में भारी बारिश से बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं। राज्य की कई नदियां भी उफान पर हैं। वहीं रायगढ़ में भूस्खलन की चार घटनाएं सामने आई हैं जिससे सड़क जाम हो गया है। रायगढ़ जिला कलेक्टर निधि चौधरी ने बाताया कि अभी तक स्थानीय पुलिस ने 15 लोगों को बचाया जबकि कम से कम 30 लोग अंदर फंसे हुए हैं। वहीं पांच लोगों की मौत हो गई हैं।।

### मप्र के अधिकतर जिले बारिश से तरबतर

**भोपाल ।** जुलाई का पहला पखवाड़ा सूखा गुजरने के बाद मप्र में मानसून की सक्रियता एक बार फिर बढ़ गई है। बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के अलावा देश मैं अलग-अलग स्थानों पर चार अन्य वेदर सिस्टम सक्रिय हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इन सिस्टम के प्रभाव से पर्याप्त नमी मिल रही है, जिसके चलते प्रदेश के अधिकांश जिलों में रुक-रुक कर बरसात का दौर जारी है। राजधानी को रुक-रुककर बारिश होती रही। सागर, रीवा, जबलपुर, शहडोल, भोपाल, होशंगाबाद, उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के जिलों में अधिकांश स्थानों पर बारिश होने के आसार हैं।

# जिनपिंग ने अचानक किया अरुणाचल सीमा का दौरा

**नई दिल्ली।** भारत के साथ सीमा पर चल रहे तनाव के बीच चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने तिब्बत का दौरा किया। सत्ता संभालने के एक दशक बाद जिनपिंग का पहला तिब्बत दौरा है। चीन की सरकारी एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक , जिनपिंग ने भारत के अरुणाचल प्रदेश राज्य से सटे चीन के न्यिंगची शहर का दौरा कर हालात का जायजा लिया इतना ही नहीं राष्ट्रपति जिनपिंग ब्रह्मपुत्र नदी पर बन रहे बांध का भी निरीक्षण किया। चीन यहां पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बना रहा है। वहीं भारत इसका कड़ा विरोध कर रहा है।



### ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन बना रहा विशाल बांध

समाचर एजेंसीकी रिपोर्ट के मुताबिक, बुधवार को राष्ट्रपति शी जिनपिंग न्यिंगची के एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बाद चीनी राष्ट्रपति ब्रह्मपुत्र नदी और उसकी सहायक नदी के घाटी का निरीक्षण किया। चीन तिब्बत से लेकर भारत तक बेहद पवित्र मानी जाने वाली यारलुंग त्सांग्पो या ब्रह्मपुत्र नदी पर 60 गीगावाट का महाकाय बांध बनाने की योजना तैयार कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन के थ्री जॉर्ज डैम की तुलना में ब्रह्मपुत्र नदी पर बन रहा बांध तीन गुना ज्यादा बिजली पैदा करेगा। चीन रेल के साथ-साथ सड़क मार्ग को भी दुरुस्त कर रहा है। उसने हाल ही में ब्रह्मपुत्र नदी घाटी के बीच से एक रणनीतिक रूप से बेहद अहम हाइवे का निर्माण किया है। यह हाइवे मेडोग काउंटी को जोड़ता है जिसकी सीमा अरुणाचल प्रदेश से लगती है।

चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग का अरुणाचल सीमा का दौरा ऐसे समय पर हुआ है, जब हाल ही में चीन ने पहली बार पूरी तरह बिजली से चालित बुलेट ट्रेन का परिचालन शुरू किया है। यह बुलेट ट्रेन राजधानी ल्हासा और न्यिंगची को जोड़ेगी। इसकी रफ्तार 160 किमी प्रतिघंटा है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कुछ समय पहले ही कहा था कि नई बुलेट रेल लाइन सीमा स्थिरता को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाएगी वहीं उत्तराखंड में चमोली जिले के बाड़ाहोती में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास ड्रेगन की गतिविधियां बढ़ने के बाद पिथौरागढ़ जिले से लगी चीन सीमा में भारतीय सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने नाभीढांग से लिपुलेख में भी सतर्कता बढ़ा दी है।

# जम्मू-कश्मीर में पुलिस ने पांच किलो आईईडी से भरा ड्रोन मार गिराया

## भारतीय सीमा के आठ किलोमीटर अंदर आ गया था



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कनाचक इलाके में पुलिस ने एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया है। इस ड्रोन से पांच किलो आईईडी भी बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि ड्रोन को भारतीय सीमा के आठ किलोमीटर अंदर मार गिराया गया है। बीते कई दिनों से भारतीय सीमा में ड्रोन देखे जा रहे हैं। इन्हें सीमा पार से भेजा जा रहा है। खुफिया एजेंसियां पहले ही अंदेशा जता चुकी हैं कि आतंकी ड्रोन के जरिए किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की फिराक में हैं। सुरक्षाबलों ने भी इस चुनौती से निपटने के लिए रणनीति बनाई है और माना जा रहै कि हा यह ड्रोन जिसे मार गिराया गया ये उसी का नतीजा है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जम्मू क्षेत्र मुकेश सिंह ने कहा कि पुलिस को एक विशिष्ट इनपुट मिला था कि आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद अखनूर के पास एक ड्रोन के माध्यम से एक पेलोड गिराने की योजना बना रहा है। सिंह ने कहा रात करीब 1 बजे पुलिस ने ड्रोन को मार गिराया। उन्होंने कहा कि पैक्ड आईईडी को गिराने के बाद किसी के द्वारा उठाया जाना था। हमने संदिग्ध का इंतजार किया लेकिन कोई नहीं आया। यह आईईडी किसी स्थान पर प्लांट की जानी थी। जिसे समय रहते नाकाम कर दिया गया है। इसे चीन और ताइवान के पुर्जों से बनाया गया है। सिंह ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में ड्रोन के जरिए भेजे गईं 16 एके-47 राइफल, तीन एम-4 राइफल, 34 पिस्टल और 18 आईईडी बरामद हुई हैं। एक दो ड्रोन ऐसे थे जिनके जरिए पैसा भेजा गया, जिससे 4 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा ड्रोन के जरिए जम्मू और कश्मीर संभाग में धमाका और हथियार गिराने की साजिशें रच रहे हैं। उन्होंने बताया कि जम्मू एयरफोर्स स्टेशन के पास एटी ड्रोन सिस्टम लगाया गया है। साथ ही 15 अगस्त पर किसी प्रकार की अनहोनी न हो इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। सुरक्षाबलों को अलर्ट पर रखा गया है।

# सिद्धू ने छुए कैप्टन के पैर राहुल ने कहा- संकट खत्म



**नई दिल्ली।** पंजाब प्रदेश कांग्रेस के नए प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू के पदभार संभालने से पहले शुक्रवार को पार्टी में मची कलह खत्म हो गई। नवजोत सिद्धू ने कैप्टन अमरिंदर सिंह के पैर छुए। इसके साथ ही पार्टी में पिछले लगभग ढाई माह से चली आ रही तनातनी खत्म हो गई। इससे राहुल गांधी भी गदगद नजर आए। शुक्रवार सुबह सिद्धू पटियाला से चंडीगढ़ पंजाब भवन पहुंचे। थोड़ी देर में कैप्टन अमरिंदर सिंह भी पंजाब भवन पहुंच गए। हालांकि सिद्धू कैप्टन से मिले बिना पंजाब कांग्रेस भवन रवाना हो गए। थोड़ी ही देर में उन्हें पंजाब कांग्रेस प्रभारी हरीश रावत का फोन आया जिसके बाद वे दोबारा पंजाब भवन पहुंचे। यहां उन्होंने कैप्टन से मुलाकात की और उनके पैर छुए। इसके बाद दोनों ने रावत और मंत्री-विधायकों के साथ चाय पी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी ट्ववीट कर खुशी जताई।

# टीएमसी सांसद शांतनु पूरे सत्र के लिए निलंबित

## केंद्रीय मंत्री के साथ अभद्रता पर हुई कार्रवाई, संसद में आज फिर हंगामा

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का आज चौथा दिन है।दोनों सदनों में आज भी जोरदार हंगामा हुआ। हंगामे के बाद दोनों सदनों की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं टीएमसी सांसद शांतनु सेन को पूरे सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। टीएमसी सांसद पर केंद्रीय मंत्री से अभद्रता करने का आरोप है। संसद की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी दलों ने कथित जासूसी कांड पर जमकर हंगामा शुरू कर दिया। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव के हाथ से पेपर छीनकर फाड़ने के आरोप में सांसद शांतनु सेन को निलंबित कर दिया गया है। शांतनु सेन को पूरे सत्र के लिए निलंबित किया गया है। शांतनु सेन पर आरोप है कि कथित जासूसी कांड पर केंद्रीय मंत्री को बोलने विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस सांसदों ने कथित तौर पर जासूसी मामले की न्यायिक जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराने की मांग की। लोकसभा और राज्यसभा के कई कांग्रेस सदस्यों ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी और कांग्रेस के कई अन्य सांसद इस मौके पर मौजूद थे। गुरुवार को उच्च सदन में स्थिति अजीबोगरीब बन गई। राज्यसभा में संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव पेगासस जासूसी कांड पर बयान देने के लिए जैसे ही खड़े हुए कि उनके हाथ से कॉपी छीनकर टीएमसी सांसद शांतनु सेन ने फाड़कर उपसभापति की तरफ उछाल दिया।






### खूंखार आतंकी फैयाज अहमद ढेर

**जम्मू।** उत्तरी कश्मीर में बारामुला जिले के सोपोर के वारपोरा इलाके में शुक्रवार को हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर फैयाज अहमद वार निवासी वारपोरा सोपोर समेत दो आतंकवादी मारे गए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मारे गए अन्य आतंकवादी के विदेशी होने की संभावना है। इस साल घाटी में लश्कर-ए-तैयबा से सबसे अधिक आतंकवादी मारे गए। फैयाज अहमद पर 10 लाख का इनाम घोषित किया गया था।

# एयरटेल को झटका

**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट ने समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) गणना में त्रुटियों के सुधार के लिए भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया सहित अन्य दूरसंचार कंपनियों की याचिका को खारिज कर दिया है। इससे पहले दूरसंचार क्षेत्र की निगरानी संस्था टेलीकॉम वाचडॉग ने सरकार से कर्जग्रस्त वोडाफोन आइडिया की 8,292 करोड़ रुपये की बकाया राशि के भुगतान के लिए और समय देने के अनुरोध को खारिज करने की मांग की थी।

# दो दिन की बढ़ोतरी के बाद आज कम हुए केस



**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान लगातार लोग इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। हालांकि, दो दिन की बढ़ोतरी के बाद आज यानी शुक्रवार (23 जुलाई) को कोविड-19 के नए मामलों में कमी दर्ज की गई है। बता दें, पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 35,342 नए मामले सामने आने के बाद कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या 3,12,93,062 हो गई। वहीं, इस घातक बीमारी से 483 नई मौतें भी हुईं। इससे देश में कुल मौतों की संख्या बढ़कर 4,19,470 हो गई है। बता दें, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार (21 जुलाई) को सुबह आठ बजे जारी किए गए ताजा आंकड़ों के अनुसार, एक दिन में कोरोना संक्रमण के 42,015 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,12,16,337 हो गई थी। वहीं, बृहस्पतिवार (23 जुलाई) को कोविड-19 के 41,383 नए मामले सामने आने से संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 3,12,57,720 पर पहुंच गई थी जबकि 507 और लोगों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 4,18,987 हो गई थी। इन आंकड़ो से साफ पता चलता है कि देश में शुक्रवार को कोरोना के नए ममालों में कमी दर्ज की गई है। भारत में 38,740 नए मरीज अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए। ऐसे में कुल डिस्चार्ज मरीजों की संख्या 3,04,68,079 हो गई। देश में सक्रिय मामलों की कुल संख्या 4,05,513 है। वहीं, देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस की 54,76,423 वैक्सीन लगाई गईं।

# अंर्तजातिय विवाह से नाराज पिता ने गर्भवती बेटी का रेता गला



**गोविंदपुर।** झारखंड से एक ऐसी खबर सामने आई है जिसे सुन हर कोई सकते में है। राज्य के धनबाद में एक पिता ने अपनी बेटी की जाति से बाहर शादी करने के चलते उसकी गला रेतकर हत्या कर दी। वह अपनी नवविवाहित बेटी और पत्नी को जमीन दिखाने के बहाने दूर ले गया और उसका गला रेत दिया। गोविंदपुर इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना बुधवार ( 21 जुलाई) की शाम करीब छह बजे की है। आरोपी की पहचान राम प्रसाद के रूप में हुई है, जो अपनी पत्नी और बेटी को झरिया बस्ती से गोविंदपुर नवाटांड एक ऑटोरिक्शा से खेत दिखाने के लिए ले आया था। बेटी की हत्या करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।






# मालिक की वफादारी, बनवाई कुत्ते की प्रतिमा

**वेब डेस्क।** वफादारी की अगर बात करें तो सबसे पहले नाम कुत्ते का आता है, बस यही वजह है कि लोग कुत्ता पालना पसन्द करते हैं। यह अधिकतर घरों में एक मेंबर की तरह देखा जा सकता है। कुत्ते और इंसानों की दोस्ती तो हमें कहानियों में भी खूब मिल जाती है। लेकिन अगर इसी दोस्ती को हम वास्तव में देखना चाहें तो आंध्र प्रदेश के सुंकरा जनाना प्रकाश राव के चर्चे सुर्खियों में मिलते हैं। ये अपने पालतू कुत्ते से इतना ज्यादा प्यार करते थे कि मृत्यु के बाद उसकी प्रतिमा तक बनवा दी। आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के अमपापुरम गांव में सुंकरा जनाना प्रकाश राव रहते हैं। यह अपने पालतू कुत्ते से इतना ज्यादा प्यार करते थे कि उसके मरने के बाद भी उसे भूल नहीं पाए और उसकी प्रतिमा बनवा दी। इतना ही नहीं उस प्रतिमा की पूजा-अर्चना करके उसे याद भी करते हैं। प्रकाश राव के कुत्ते की अगर बात करें तो वह 5 साल पहले ही उन्हें अलविदा कह कर चला गया था। यह उनके साथ लगभग 9 साल तक परिवार के सदस्य की तरह रहा है, कुत्ते के मरने के बाद भी परिवार और गांव वालों के दिलों में उसकी यादें हमेशा ताजा रहेगीं। गुरूवार को सुंकरा जनाना प्रकाश राव ने बताया कि उन्होंने तय कर रखा था कि जब उनके कुत्ते की पांचवी डेथ एनिवर्सरी होगी तो उसके उपलक्ष्य में प्रतिमा को स्थापित करेंगे। इसके लिए उन्होनें एक बड़ा आयोजन भी रखा, जिसमें परिवार समेत पूरा गांव एकत्रित हुआ और बड़ी धूम-धाम के साथ कुत्ते की प्रतिमा स्थापित की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कुत्ते के मालिक सुंकरा जनाना प्रकाश राव के साथ कुत्ता 9 साल तक एक सदस्य की तरह रहा। इस दौरान वह सभी लोगों के साथ घुल-मिलकर रहता था। घर के सभी सदस्य उससे बहुत प्यार करते थे।



# पति की गिरफ्तारी के बाद शिल्पा शेट्टी ने लिखा, 'मैं चुनौतियों का सामना कर बचूंगी'




**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा इन दिनों गिरफ्तारी को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में बने हुए हैं। राज कुंद्रा पर अश्लील फिल्में बनाने और उन्हें एप्स पर अपलोड करने का आरोप है। राज कुंद्रा को मुंबई पुलिस के क्राइम ब्रांच के प्रॉपर्टी सेल में लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। वहीं पति की गिरफ्तारी के बाद से सोशल मीडिया पर लगातार शिल्पा शेट्टी को निशाने पर लिया जा रहा है और उन पर मीम्स बन रहे हैं। इस बीच शिल्पा सोशल मीडिया पर सक्रिय नजर आई हैं। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक किताब की फोटो शेयर की है, शिल्पा शेट्टी की पोस्ट में आगे लिखा है, मैं पहले भी चुनौतियों का सामना कर चुकी हूं और मैं भविष्य में भी चुनौतियों का सामना करके बचूंगी। आज मुझे जिंदगी जीने के लिए कोई भी भटका नहीं सकता है।




# आचार्य श्री, मुनिसंघ के साथ आज शाम तक पहुंचेंगे दयोदय तीर्थ

## वे यहां दयोदय तीर्थ में चातुर्मास कर सकते हैं



**जबलपुर।** आचार्यश्री विद्यासागर महाराज मुनिसंघ के साथ तेजी से जबलपुर की ओर बढ़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि आचार्यश्री शुक्रवार की शाम 4.30 बजे तक तिलवाराघाट स्थित दयोदय तीर्थ पहुंच जाएंगे। जिसे लेकर दयोदय तीर्थ में व्यवस्था की जा रही है। गुरु पूर्णिमा से शुरू होने वाले चातुर्मास से यह माना जा रहा है कि संस्कारधानी को इस बार आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के 54वां चातुर्मास का सौभाग्य मिल सकता है।गुरुवार को आचार्यश्री मुनिसंघ के साथ नेमावर से जबलपुर की ओर विहार हुआ। गुरुवार की शाम को आचार्यश्री ने तिलवारा से 14 किमी दूर बिछुआ गांव में धनीराम पटेल के निवास में रात्रि विश्राम किया। सकल जैन समाज के अनुसार शुक्रवार की सुबह आचार्यश्री की आहारचर्या बिछुआ से सात किमी आगे डगडगा हिनोता में हो सकती है।

### आगवानी में दयोदय तीर्थ परिसर में जनमानस का प्रवेश निषेध

पूज्य श्रीमदआचार्य श्री108 विद्यासागर महामुनिराज का पावन वर्षायोग चातुर्मास हेतु आज मंगल प्रवेश संस्कारधानी जबलपुर की पावनधरा पूर्णायु दयोदय तीर्थ तिलवाराघाट पर होने जा रहा है । श्री दिगम्बर जैन पंचायत सभा, जैन नवयुवक सभा,जबलपुर श्री दि.जैन संरक्षिणी सभा,पूर्णायु, प्रतिभास्थली,दयोदय तीर्थ गौशाला सकल जैन समाज जबलपुर ने कहा कि पूज्य आचार्य भगवन की आगवानी में अनुशासन एवं दायित्व जरूरी है। कलेक्टर ,प्रशासन की कोविड गाइड लाइन के अनुसार आगवानी में दयोदय तीर्थ परिसर में जनमानस का प्रवेश निषेध रहेगा। आचार्य श्रीजी की आगवानी तिलवारा ब्रिज के उस पार चरगवां सर्किल पर होगी। आगवानी के समय मास्क अवश्य लगाए एवं भीड़ भाड़ न होने दे। जब पूज्य आचार्य श्रीजी का आगमन हो तो हम रोड के साइड में खड़े होकर ही दर्शन करे। आचार्य श्रीजी के चरण छूने का प्रयास बिल्कुल न करे अनुशासित रहे। रास्ते में आचार्य श्रीजी के साथ चलने का प्रयास न करें, चलते समय गुरुजी से 100मीटर पीछे व आगे की दूरी बनाकर चले। आगवानी में पुरुष वर्ग सफेद वस्त्र एवं महिला वर्ग केशरिया वस्त्र में रहे। व्यवस्थाओं में सहयोग करे । व्यवस्थापकों से लड़े नहीं स्वयं व्यवस्थित अनुशासित हो।

### कल नर्मदा पंचकोसी स्वर्ण कलश की 108 परिक्रमा



जबलपुर । चार्तुमास के अंतर्गत चार माह हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में नर्मदा पंचकोशी स्वर्ण कलश के साथ तुलसी मैया भगवान राधा कृष्ण हनुमान जी महाराज की एक साथ 108 परीकमा 24 जुलाई आसाढ़ पूणिमा में प्रातः 7 बजे से की जाएगी भंडारा के साथ बद्रीनाथ से पूजित गोमती चक्र का वितरण होगा गुरु पुरिमा के अवसर पर हरे कृष्णा आश्रम के संस्थापक सवामी रामचन्द्र दास जी महाराज के साथ उत्सव मनाया जाएगा उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष डॉ शिव शंकर पटेल संकीर्तन आचार्य पंडित मनमोहन दुबे आदी ने की हैं

# मप्र बोर्ड 12वीं का परीक्षा परिणाम 29 से 31 जुलाई के बीच हो सकता है घोषित

**जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) 12वीं का परीक्षा परिणाम 29 से 31 जुलाई के बीच घोषित कर सकता है। रिजल्ट ऑनलाइन ही घोषित होगा। इसमें भी दसवीं की तरह प्रावीण्य सूची जारी नहीं की जाएगी। 12वीं की अंकसूची में 10वीं के पांच मुख्य विषयों के आधार पर नंबर दिए जाएंगे। 10वीं के सभी विषयों से 12वीं के विषयों की मैपिंग कर रिजल्ट बनाया जा रहा है। इस साल 12वीं में साढ़ेसात लाख विद्यार्थी शामिल हुए हैं। बता दें कि वर्ष 2020 में 12वीं में 69 फीसद और 2019 में 72.37 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा था।10वीं में विज्ञान विषय के आधार पर 12वीं में सर्वाधिक विषयों में अंक दिए जाएंगे। 10वीं में विज्ञान के नंबरों के आधार पर 12वीं के फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी, इंफारमेशन प्रैक्टिसेस, एग्रीकल्चर, होम साइंस, बायो टेक्नालाजी, फिजिकल एजुकेशन, होम मैनेजमेंट, एलीमेंट आफ साइंस समेत अन्य विषयों में नंबर मिलेंगे। गणित के आधार पर 12वीं में गणित व बुक कीपिंग व एकाउंटेंसी में नंबर दिए जाएंगे। साथ ही बेस्ट आफ फाइव पद्धति के अनुसार 10वीं के सबसे अधिक अंकों वाले विषयों के अतिरिक्त छठवां विषय 12वीं के जिस विषय से मैप किया जाएगा उसमें 12वीं के तृतीय भाषा विषय के अंक प्रदान किए जाएंगे।




### असंतुष्ट विद्यार्थियों की एक सितंबर से परीक्षा

अगर कोई विद्यार्थी परीणाम से असंतुष्ट है तो उसके लिए एक से 25 सितंबर के बीच विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों को एक से दस अगस्त के बीच ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। परीक्षा आयोजन का विस्तृत कार्यक्रम अलग से जारी किया जाएगा। मंडल द्वारा परीक्षा लेकर विद्यार्थियों का रिजल्ट घोषित किया जाएगा।



# कृषि विज्ञान केन्द्र में रोपे फलदार वृक्ष

**जबलपुर ।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद दिल्ली का 92वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संचालक विस्तार सेवायें डॉ. डी.पी. शर्मा ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का देष की कृषि, शिक्षा, अनुसंधान व कृषि विस्तार में विशेष योगदान है। यह अभूतपूर्व संस्था है जो कृषि के साथ-साथ पशुपालन, कृषि यंत्रीकरण कृषि आधारित व्यवसाय आदि के क्षेत्र में देश में अनूठे कार्यो को अंजाम देती है। केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ. रश्मि शुक्ला ने वृक्षारोपण को महत्वपूर्ण बताया। तदोपरांत परिसर में फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में डॉ. नीलू विश्वकर्मा, डॉ. अक्षता तोमर, डॉ. निहारिका शुक्ला, डॉ. नितिन सिंघई, श्रीमति जी.जी. एनी, डॉ. प्रमोद शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ए.के. सिंह एवं आभार प्रदर्शन डॉ. नितिन सिंघई ने किया।

# जबलपुर समेत 10 जिला अस्पतालों में कोरोना की आरटी-पीसीआर जांच होगी

**जबलपुर।** कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए सरकार ने कमर कस ली है। जांच सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में जबलपुर,भोपाल समेत प्रदेश के 10 जिला अस्पतालों में कोरोना की आरटी-पीसीआर जांच शुरू करने की तैयारी है। भारत सरकार ने लैब स्थापित करने के लिए राज्य सरकार से प्रस्ताव मांगा था। स्वास्थ्य संचालनालय ने प्रस्ताव भेज भी दिया है। अफसरों ने बताया कि केंद्र से आरटी-पीसीआर जांच की मशीन या फिर मशीन के लिए नकद राशि मिल सकती है। बाकी सुविधाएं जिला अस्पतालों की लैब में पहले से हैं, इसलिए जांच शुरू करने में देरी नहीं होगी। इन जिला अस्पतालों में जांच की सुविधाशुरू होगी उनमें जबलपुर, बालाघाट, सिंगरौली,सागर, मुरैना, बैतूल और मंदसौर जिले शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन लैब में कोरोना के अलावा स्वाइन फ्लू, डेंग, चिकनगुनिया, जीका, कालरा, मीजल्स आदि बीमारियों के सैंपल्स की जांच भी हो सकेगी। इन अस्पतालों में पहले से संचालित पैथोलॉजी लैब को सुदृढ़ कर कोरोना और अन्य माइक्रोबायोलॉजिकल जांचें शुरू की जाएंगी। अभी सिर्फ मेडिकल कॉलेजों में कोरोना की आरटी-पीसीआर जांच की जा रही है। इस साल के केंद्रीय बजट में देशभर के कुछ जिला अस्पतालों में पब्लिक हेल्थ लैबोरेट्री बनाने की घोषणा की गई थी। इसी के तहत 10 जिला अस्पतालों में लैब तैयार की जा रही है। पहले यह तय किया गया था कि संभागीय मुख्यालय वाले जिलों में लैब तैयार की जाएगी, लेकिन अब कुछ अन्य जिलों को भी शामिल किया गया है। हाल ही में मुख्यमंत्री की कोरोना को लेकर की गई समीक्षा बैठक में भी यह लैब स्थापित करने की बात अधिकारियों ने उन्हें बताई है।जिला अस्पतालों में अभी टीबी की जांच करने वाली ट्रू-नॉट मशीन से कोरोना की जांच की जाती है, लेकिन इस मशीन से हर दिन करीब 20 जांचें ही हो पाती हैं। आरटी-पीसीआर मशीन आने के बाद हर दिन करीब 600 जांचें हो सकेंगी।कोरोना की आरटी-पीसीआर जांच में नतीजे 70 फीसद तक सही आने की संभावना रहती है, जबकि रैपिड एंटीजन किट की विश्वसनीयता 40 फीसद तक ही रहती है। ऐसे में लैब स्थापित करने के लिए चिन्हित छोटे जिलों में भी कोरोना की आरटी-पीसीआर जांच हो सकेगी। अभी इन जिलों से सैंपल जांच के लिए पास के मेडिकल कॉलेज में भेजे जाते हैं, जिससे रिपोर्ट आने में तीन से चार दिन लग जाते हैं।





## एमपीओए के दिग्विजय सिंह व भारतीय कयाकिंग एंव कैनोइंग संघ के प्रशांत कुशवाह जाएंगे टोक्यो

**जबलपुर।** टोक्यो ओलिंपिक का आगाज हो गया है। खेलों के इस महाकुंभ में भारतीय ओलिंपिक संघ का 11 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल भी जा रहा है। इसमें मध्य प्रदेश के दो पदाधिकारी भारतीय कयाकिंग कैंनोइंग संघ के महासचिव प्रशांत कुशवाह और मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह शामिल है। भारतीय दल 27 जुलाई को रवाना होगा। उल्लेखनीय है भारतीय पैरालंपिक टीम में मध्य प्रदेश की प्राची यादव एकमात्र खिलाड़ी शामिल है।

### साइकिल रैली का आयोजन 25 जुलाई को

**जबलपुर।** स्मार्ट सिटी जबलपुर द्वारा साइकिल रैली का आयोजन 25 जुलाई को सुबह 07 बजे से रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी से डुमना नेचर रिजर्व तक किया जा रहा है। इस संबंध में स्मार्ट सिटी लिमिटेड के कार्यपालिक निदेशक संदीप जी.आर. एवं सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत ने बताया कि शहर को साइकिल फ्रेंडली बनाने के लिए इस प्रकार की रैली निकाली जा रही है। उन्होंने साइकिल रैली में कोरोना नियमों का पालन करते हुए भाग लेने की अपील की है। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने सभी साइकिल रैली में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान मे रखते हुए हेलमेट का इस्तेमाल करने की भी अपील की है। इस आयोजन की तैयारियों के लिए स्मार्ट सिटी के पदाधिकारी सुश्री सैलजा सुल्लेरे को जिम्मेदारी दी है।

# कार्यकर्ताओं की मेहनत और सहयोग से जबलपुर को आगे ले जाएंगे : गोपाल भार्गव

## प्रभारी मंत्री ने किया कार्यकर्ताओं को संबोधित



**जबलपुर।** जबलपुर के प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव ने प्रथम नगरागमन पर भाजपा संभागीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ परिचय बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। श्री भार्गव ने कार्यालय में नगर एवँ ग्रामीण के नवनियुक्त पदाधिकारियों से परिचय किया और उन्हें शुभकामनाएं दी।प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा पार्टी संगठन एवँ मुख्यमंत्री जी ने मुझे जबलपुर का प्रभारी मंत्री का दायित्व दिया है आज दो दिवसीय प्रवास में जबलपुर आया हूँ आज आपके द्वारा किये अभिनंदन से अभिभूत हूँ। जिम्मेदारी बहुत है ढाई वर्ष से भी कम समय विधानसभा चुनाव को है उसके बाद लोकसभा के चुनाव आएंगे और मुझे विश्वास है कि कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में हम साथ काम करेंगे। श्री भार्गव ने कहा आने वाले समय मे चुनोतियों भी बहुत है नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव संभावित है और जैसा कि कोरोनॉ की तीसरी लहर की संभावना लग रही है यदि कोरोनॉ की लहर नही आई तो चुनाव होंगे और आने वाले दिनों में लगातार मेरा भी आना होगा और आपके सुझावों और सहयोग से हम साथ काम करेंगे और अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित राजनैतिक दल है यह सभी जानते है और कार्यकर्ताओं की मेहनत ही हमे सकारात्मक परिणाम दिलाएंगे और आपने जिस तरह पार्टी को खड़ा किया और आगे लाये है उसी तरह आगे भी आप अपनी पूरी ऊर्जा के साथ पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुचाने का कार्य करेंगे।श्री भार्गव ने कहा जबलपुर का संगठन पहले से ही बहुत मजबूत है और मैं ऐसा विश्वास दिलाता हूं कि जबलपुर को मप्र ही नही देश का ऐसा जिला बनाएंगे जिसमे हर चुनाव में पार्टी का परचम लहराए और इसके लिए आपके साथ और सहयोग की आवश्यकता होगी।

### कांग्रेस का काम ही है आरोप लगाना

कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए श्री भार्गव ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश और देश मे विपक्ष में है और उनका काम ही आरोप लगाना है इसीलिए उनके आरोपो को जनता भी गंभीरता से नही लेती। मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार तेजी से वैक्सिनेशन हो इसके लिए लगातार कार्य कर रही है और यदि कोई अनहोनी होती है तो उसके लिए भी सरकार पूरी तरह से तैयार है।पार्टी कार्यालय में संभागीय संगठन मंत्री शैलेन्द्र बरुआ, नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष रानू तिवारी, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, विधायक नंदनी मरावी, कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक सुशील तिवारी इंदु, पूर्व मंत्री शरद जैन, डॉ जितेंद्र जामदार, अभिलाष पांडे, राममूर्ति मिश्रा, अरविंद पाठक, संदीप जैन, पंकज दुबे, रजनीश यादव, रत्नेश सोनकर, राजेश दाहिया के साथ नगर एवँ ग्रामीण के पदाधिकारियों एवँ कार्यकर्ताओं से स्वागत किया।

### इंदौर-जबलपुर-हैदराबाद की हवाई सेवाएं 20 अगस्त से

**जबलपुर ।** डुमना एयरपोर्ट से सूरत के बाद अब दिल्ली-मुंबई और इंदौर-हैदराबाद के लिए इंडिगो की सेवाएं अगस्त से शुरू होने जा रही है। इसकी सभी विभागीय, तकनीकी तैयारियां पूरी हो गई हैं। जानकारी के अनुसार ए-320 के नाम से इंदौर-जबलपुर-हैदराबाद की सेवाएं 20 अगस्त से शुरू होंगी, जबकि 21 अगस्त से दिल्ली-जबलपुर-मुंबई के लिए उड़ान प्रारंभ होगी। उल्लेखनीय है कि गत 17 जुलाई से जबलपुर से सूरत के लिए स्पाइस जेट की कनेक्टिंग फ्लाइट का शुभारंभ हो चुका है। इसके बाद इंडिगो का दो रूट पर शेड्यूल जारी होने के बाद हवाई सेवाओं के विस्तार की दिशा में इसे अच्छा माना जा रहा है।जानकारी के अनुसार इंडिगो की दोनों रूट पर सेवाएं प्रतिदिन रहेंगी, जबकि एयरपोर्ट से स्पाइस जेट की सूरत के लिए सेवाएं सोमवार, बुधवार 10और शनिवार को जारी है। जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से फिलहाल स्पाइस जेट की बैंगलोर, हैदराबााद, दिल्ली, मुंबई, पुणे के लिए हवाई सेवाएं जारी हैं, जबकि एयर इंडिया की बिलासपुर और दिल्ली के लिए उड़ान हैं।



# शहर की बदहाली पर कांग्रेस पार्षद दल ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** कांग्रेस पार्षद दल के निवृतमान नेता प्रतिपक्ष राजेश सोनकर के नेतृत्व में आज केबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं प्रभारी मंत्री जबलपुर गोपाल भार्गव जी को जबलपुर शहर की व्याप्त समस्याओं को लेकर आठ सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपा गया । कांग्रेस पार्षद दल ने बताया गया कि शहर में कोरोना काल के दौरान मृत परिवारजनों को 4 लाख रू. अनुग्रह राशि प्रदान करने, एवं हजारों हजार की संख्या में बुलाये गये बगैर राशन कार्डधारी आवेदकों को नि:शुल्क राशन दिये जाने की पात्रता पर्ची जारी करने तथा स्मार्ट सिटी के अंतर्गत शहर में चल रहे गुणवत्ताविहीन कार्यो से आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो चुका हैं। आये दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे है। घंटाघर, नौदराब्रिज, तीन पत्ती चैक, नगर निगम, राईट टाउन, एवं शहर के अन्य हिस्सों में चल रहे स्मार्ट सिटी के कोई भी प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं हो सका है और तो और इन कामों में नगर निगम के तथाकथित अधिकारी, कमीशनखोरी के चक्कर में शहर निर्माण कार्य में बाधा बने हुये है। इसी तरह नगर निगम की उदासीनता एवं जन विरोधी कार्यप्रणाली ने आम जन मानस में आक्रोश पैदा कर रखा हैं आम जनता की मूलभूत जरूरतों को भी पूरा नहीं किया जा रहा हैं आर्थिक तंगी का रोना रोकर बिजली, पानी, सड़क सफाई के जरूरी कार्य तक पूरे नहीं किये जा रहे हैं जिससे आम जनता में आक्रोश व्याप्त हैं। इस मौके पर कांग्रेस पार्षद दल के निवृतमान नेता प्रतिपक्ष राजेश सोनकर, पूर्व पार्षद एड.तेजकुमार भगत, गुड्डू नबी, पंकज पाण्डेय, अभिषेक यादव, संजय बघेल, अमरीश मिश्रा, संजय साहू, मुन्ना बेन, गिरिजा नेकराम पटेल, एजाज अली संतोष पाण्डेय, राकेश कांत सोनकर, नरेश राठौर आदि उपस्थित रहे।

## अवकाश यात्रा सुविधा दी जावे

# केन्द्र की तर्ज पर मिले अवकाश यात्रा सुविधा का लाभ

**जबलपुर ।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यापक प्रकोष्ठ के प्रातीय संयोजक मुकेश सिंह ने बताया कि भारत सरकार के अधीनस्थ कार्यरत कर्मचारियों को संपूर्ण सेवाकाल में सपरिवार अवकाश यात्रा सुविधा का लाभ प्रदान किया जाता है, जिसके तहत वह सपरिवार संपूर्ण भारत भ्रमण पर धार्मिक, रमणीक स्थलों आदि का अवलोकन कर आन्नदीत होते हैं, जिससे उनका एवं परिवार का तनाव मुक्त होना स्वभाविक है वह नई उर्जा से शासन के कार्यो का सफलतापूर्व निष्पादन करते हैं। निश्चित रूप से यह केन्द्रीय कर्मचारी की हितार्थ योजना है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा केन्द्र के समान वेतन एवं अन्य सुविधायें प्रदान करने हेतु सहमति दी गई थी, किन्तु म.प्र.के कर्मचारियों को वेतन के अलावा केन्द्र के कर्मचारियों की भांति अवकाश यात्रा सुविधा का लाभ नहीं दिया जा रहा है।संघ के आलोक अग्निहोत्री, आन्नद रैकवार, नितिन अग्रवाल, महेश कोरी, तरूण पंचौली, राकेश दुबे, मनीष लोहिया, प्रणव साहू, विष्णु पाण्डे, श्याम नारायण तिवारी, मनोज सेन, मो0 तारिख, धीरेन्द्र सोनी, गणेश उपाध्याय, विनय नामदेव, प्रियांशु शुक्ला, राकेश पाण्डे, विजय कोष्टी मनीष शुक्ला, सुदेश पाण्डे, संतोष तिवारी, सतीश पटैल, आदि ने माननीय मुख्य मंत्री म.प्र.शासन से मांग की है कि राज्य कर्मचारियों को भी केन्द्रीय कर्मचारियों की भांति सपरिवार अवकाश यात्रा सुविधा का लाभ दिया जावे।।















डरने की जरूरत नहीं सभी लगवाएं जिन्दगी का टीका

# गर्भवती महिलाओं का वैक्सीनेशन शुरू





**जबलपुर, यशभारत।** कोरोना टीकाकरण महाभियान के अंतर्गत से गर्भवती महिलाओं को कोरोना वैक्सीन लगाने के लिए विशेष अभियान आज शुरू किया हुआ है। गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण शुभारंभ कार्यक्रम एल्गिन अस्पताल के एल्गिन नर्सिंग कॉलेज में किया गया। इस अवसर पर आर डी डॉ संजय मिश्रा, सीएमएचओ डॉ रत्नेश कुररिया, डॉ शत्रुघन दाहिया , अधीक्षक एल्गिन डॉ खरे, प्रिंसिपल नर्सिंग कॉलेज अर्चना गायकवाड, आदि मौजूद रहे । इस मौके पर सीएमएचओ रत्नेश कुरारिया ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को डरने की जरूरत नहीं है। वैक्सीनेशन पूरी तरह से सुरक्षित रहे, गर्भवती माताओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर वैक्सीनेशन कराना चाहिए। इस अभियान में जबलपुर मेडिकल कॉलेज सहित एल्गिन अस्पताल, शासकीय रांझी अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनमोहन नगर और ग्रामीण क्षेत्र के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कोरोना की वैक्सीन लगाई जा रही है। सभी महिलाओं का ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। पहली बार गर्भवतियों के लिए वैक्सीनेशन में सिर्फ कोवैक्सीन लगाई जाएगी। जिला वैक्सीनेशन अधिकारी के मुताबिक ऐसा सितंबर से पहले गर्भवती महिलाओं को वैक्सीनेट करने के लिए किया जा रहा है। कोवीशील्ड में 84 दिन का अंतराल होने की वजह से इसे नहीं लगाया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर शत्रुघन दाहिया के मुताबिक गर्भवती महिलाओं को संक्रमण का खतरा अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा होता है। ऐसे में टीकाकरण एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। गर्भावस्था में किसी भी समय में लगाया जा सकता है। यदि गर्भवती महिला संक्रमित हो चुकी है तो उसे डिलीवरी के बाद वैक्सीन लगाई जाएगी। गर्भवती महिला को यदि एलर्जी या अन्य कोई जोखिम के लक्षण हैं तो वैक्सीन नहीं लगाई जाएगी। अभी तक वैक्सीन का जो डाटा मिला है, वो गर्भवती महिलाओं के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है। बच्चे पर भी इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं पड़ेगा। मां के वैक्सीनेशन के बाद पैदा होने वाले बच्चे में एंटीबॉडी बनेगी या नहीं, अभी ये रिसर्च चल रहा है। वैक्सीन लगने के बाद 'सुमन हेल्प डेस्क' के माध्यम से 20 दिन तक महिला का फॉलोअप लिया जाएगा। कोविड-19 की एंट्री एमसीपी कार्ड पर की जाएगी। वैक्सीन लगने के 20 दिनों में अगर कोई भी लक्षण दिखाई दे तो तुरंत 1075 या 104 पर कॉल करना होगा।



# रुक-रुककर हो रही बारिश

## आज भी तेज बौछारें पड़ने के आसार

**जबलपुर। जुलाई का पहला पखवाड़ा सूखा गुजरने के बाद मप्र में मानसून की सक्रियता एक बार फिर बढ़ गई है। बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के अलावा देश मैं अलग-अलग स्थानों पर चार अन्य वेदर सिस्टम सक्रिय हैं।**

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इन सिस्टम के प्रभाव से पर्याप्त नमी मिल रही है, जिसके चलते प्रदेश के अधिकांश जिलों में रुक-रुक कर बरसात का दौर जारी है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इन सिस्टम के प्रभाव से मध्यप्रदेश के अधिकांश जिलों में रुक-रुक कर बरसात हो रही है। इसी क्रम में जबलपुर में पिछले घंटों में 24.6 और एक जून से समाचार लिखे जाने तक 253.2 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। सुबह की आद्रता 93 प्रतिशत रही। शुक्रवार-शनिवार को जबलपुर संभाग में बारिश होने के आसार हैं।मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य रहा। साथ ही आज को न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्रीसे. रिकार्ड किया गया। बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। मानसून ट्रफ फिरोजपुर, रोहतक, अलीगढ़, रांची, बालासोर से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है। दक्षिणी गुजरात तट से उत्तरी केरल तक एक अपतटीय ट्रफ बना हुआ है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तरी पाकिस्तान पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बने हुए हैं। इस वजह से बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आ रही नमी के कारण प्रदेश के अधिकांश जिलों में बरसात हो रही है।

### जिले में पिछले साल की तुलना में इस साल कम वर्षा हुई

जिले में इस साल एक जून से गुरूवार तक 254.4 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि पिछले वर्ष इस अवधि के दौरान 257.2 मिली मीटर औसत बारिश दर्ज की गई थी।अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक इस साल आलोच्य अवधि तक जबलपुर तहसील के वर्षामापी केन्द्र बरगी में 381.6 मिलीमीटर, बरेला वर्षामापी केन्द्र में 182 मिलीमीटर, पनागर वर्षामापी केन्द्र में 291.2 मिलीमीटर, कुण्डम वर्षामापी केन्द्र में 334.9 मिलीमीटर, पाटन में 197.6 मिलीमीटर, शहपुरा वर्षामापी केन्द्र में 164.3 मिलीमीटर, सिहोरा में 272 मिलीमीटर, मझौली वर्षामापी केन्द्र में 237.6 मिलीमीटर और अधारताल में 228.6 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा हुई है।

आयुध फैक्ट्रियों में अध्यादेश निगमीकरण के खिलाफ सभाएं



# ई डी एस ओ कानून बन गया तो गुलाम हो जायेंगे

**जबलपुर यशभारत।**आवश्यक सुरक्षा सेवा अध्यादेश और सरकार का निगमीकरण फैसला यदि हम जागरूक नहीं हुए तोआने वाले दिनों में हमें गुलाम बना देंगे।पिछले70 सालों में जो हमें ट्रेड यूनियन करने का हक कई कुर्बानियों के बाद मिला है वर्तमान सरकार इसे समाप्त करने पर तुली है।उसे कतई नहीं गंवाएगे।इसके लिए संघर्ष जारी रहेगा।उक्त विचार ए आई डी ई एफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस एन पाठक ने जी सी एफ द्वार सभा में व्यक्त किए।सरकार के निगमीकरण और ईडीएसओ के विरोध में आज शहर की चारों आयुध निर्माणियों मे सरकार के निर्णयों के खिलाफ द्वार सभाएं



आयोजित की गई।श्री पाठक ने कहा कि सुरक्षा कर्मचारियों को ट्रेड यूनियन करने का अधिकार ही नहीं था।तब सबसे पहले एस एम जोशी एस एम बेनर्जी जयप्रकाश नारायण की अगुवाई में ए आई डी ई एफ का गठन किया और अनेक संघर्षों के बाद कई अधिकार मिले जिसे ये सरकार छीनने की कोशिश कर रही है जो हम कर्मचारी होने नहीं देंगे।इस मौके पर मिठाई लाल रजक उत्तम विश्वास राजा पांडे आशीष विश्वकर्मा रोहित यादव आदि उपस्थित थे।ओ एफ के संघर्ष समितिके तत्वावधान में द्वार सभा और नारेबाजी हुई जिसमें तीनों यूनियन के नेता अर्नव दास गुप्ता आनंद शर्मा पुष्पेंद्र सिंह अमित चौबे शरद अलवाल दिनेश नामदेव रूपेश पाठक राजेंद्र चराडिया शामिल थे।व्हीकल फैक्टरी में भी संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्यों ने द्वार सभा को संबोधित किया।जी आई एफ मे द्वार सभा को श्री राम मीणा राकेश दुबे आदि ने संबोधित किया।

# अनाज एवं अन्य उपयोगी वस्तुओं का वितरण

**जबलपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जबालिपुराम के द्वारा सदा ही समाज हित में कार्य किए जाते रहे हैं। इसी श्रंखला में आज विजयनगर स्थित एसेवा भारती द्वारा संचालित मातृछॉया में बच्चियों के लिए 30 किलो चावल ए 30 किलो दाल 15 लीटर तेल एएवं अन्य उपयोगी सामग्री का वितरण अध्यक्ष रोट हेमल छेड़ा जी के नेतृत्व में किया गया।क्लब के कोषाध्यक्ष रोट अभिषेक जी के अनुसार यह गतिविधि रोट मितेश डागा के सौजन्य से सपन्न हुईएजिन्होंने




अपने बेटे कबीर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में यह वस्तुएं गुरुकुल के लिए भेंट में दी।इस आयोजन में रोटण् अंकुर माहेश्वरी एवं रोट मयंक अरोरा विशेष योगदान रहा।

## सोमवार से सुबह 4 बजे से होगा मंडी प्रांगण से आलू-प्याज

### हरी सब्जी एवं फल के थोक व्यापार का संचालन

जबलपुर। कृषि उपज मंडी परिसर से आलू-प्याज, हरी सब्जी एवं फल का थोक व्यापार सोमवार 26 जुलाई से वापस सुबह 4 बजे से प्रारम्भ होगा ।यह निर्णय एसडीएम आधारताल नमः शिवाय अरजरिया की अध्यक्षता में आज गुरुवार को सम्पन्न हुई आलू-प्याज, हरी सब्जी एवं फल व्यापारियों के प्रतिनिधियों की बैठक में लिया गया ।कृषि उपज मंडी समिति के प्रभारी सचिव फूलचंद सिंह गौ? ने बैठक में लिये गये निर्णय की जानकारी देते हुये बताया कि कृषि उपज मंडी प्रांगण में सब्जियों एवं फल का थोक कारोबार कोरोना प्रोटोकॉल के निर्धारित नियमों के मुताबिक होगा । मंडी प्रांगण से फल एवं सब्जियों का फुटकर व्यापार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी आबंटित दुकान से ही व्यापार का संचालन करेंगे । ज्ञात हो कि कोरोना संक्रमण के मद्देनजर कृषि उपज मंडी परिसर से

# अधारताल में दो मजदूर युवकों को बुलेरो ने मारी टक्कर

**अमखेरा तालाब के पास सड़क दुर्घटना, मामले की जांच जारी**

**जबलपुर।** थाना अधारताल अंतर्गत दो मजदूर युवकों को पीछे से आ रही तेज रफ्तार बुलेरो कार के चालक ने जोरदार टक्कर मारकर लहूलुहान कर दिया। आनन-फानन में युवकों को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है। जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार दिनेश बर्मन उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम बम्हौरी थाना बेलखेड़ा ने पुलिस को बताया कि कुंवरलाल मसराम एवं राजा रैकवार अमखेरा से काम करके पैदल वापस आ रहे थे। तभी अमखेरा तालाब के पास पहुंचे उसी समय पीछे से आ रही बुलट क्रमांक एमपी 20 एनक्यू 0394 का चालक ने तेज गति लापरवाही से वाहन चलाते हुये दोनों को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क की दूसरे ओर उछलकर गिरे और बुरी तरह घायल हो गए। घायल कुंवरलाल एवं राजा रैकवार को उपचार हेतु ऑटो से ले जाकर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

## तू जानता नहीं मैं बाबू नहला हूँ और घोंप दिया चाकू

**महाकौशल कॉलेज का स्टूडेंट घायल**

जबलपुर। थाना रांझी अंतर्गत एक महाकौशल कॉलेज स्टूडेंट्स को दबंग बदमाशों ने आपसी रंजिश के चलते देर रात बीच रास्ते रोक कर चाकू घोंप दिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित छात्र की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपियों को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार अनुज सेन उम्र 17 वर्ष निवासी रतन पान भण्डार संजयनगर ने पुलिस को बताया कि वह महाकौशल कॉलेज में पढ़ाई करता है। देर रात जब वह सुभाषनगर झण्डा चौक रांझी से अपने घर संजयनगर जा रहा था, तभी रास्ते में बाबू नहला, लल्ले सेन, अमरदीप और चंचला मिले और पुरानी बुराई पर गाली देने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो सभी झूमाझपटी करने लगे एवं बाबू नहला ने किसी धारदार चीज से हमला कर दाहिने पैर की जांघ में चोट पहुंचा दी तथा चारों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने छात्र की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

## महाराष्ट्र के लिए बसों का आवागमन 28 जुलाई तक प्रतिबंधित रहेगा

**जबलपुर,** ।परिवहन एवं राजस्व मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि कोरोना वायरस के व्यापक संक्रमण पर प्रभावी रोकथाम के दृष्टिगत एवं लोकहित में महाराष्ट्र राज्य की सीमा पर 28 जुलाई 2021 तक की अवधि के लिये यात्री बसों के प्रवेश को स्थगित किया गया है ।मध्यप्रदेश राज्य की समस्त यात्री बसें वाहनों का महाराष्ट्र राज्य की सीमा में प्रवेश तथा महाराष्ट्र राज्य की समस्त यात्री बसों का मध्यप्रदेश राज्य की सीमा में प्रवेश नहीं हो सकेगा। पूर्व में 21 जुलाई 2021 तक की अवधि के लिये यात्री बसों को प्रतिबंधित किया गया था। इसकी अवधि बढ़ाकर अब 28 जुलाई 2021 कर दी गई है।

मेहनत को मिला सम्मान

# जय सचदेवा को भाजपा कार्यकारिणी में मिली दोबारा जगह

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नगर कार्यकारिणी की घोषणा हो गई। नए पदाधिकारियों में इकलौता नाम पिछली कार्यकारिणी से नई नवेली कार्यकारिणी में जोड़ा गया है वह जय सचदेवा का है। जय को उनके पिछले कार्यकाल में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए यह सम्मान मिला है। हालांकि तमाम विरोध के बावजूद भी नगर अध्यक्ष की पसंद जय सचदेवा ही रहे। जिसके पीछे कारण उनकी अथक मेहनत और संगठन को लेकर दूरदर्शिता है। जिसने नई कार्यकारिणी में नाम जुड़वाने में महती भूमिका अदा की है। गौरतलब है की श्री सचदेवा सिंधी समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं और सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं इसके साथ ही कोरोना काल में उन्होंने मानवीय सेवा का अभूतपूर्व उदाहरण प्रस्तुत किया था जिस कारण से उनका जनाधार भी मजबूत हुआ है और दोबारा कार्यकारिणी में जगह मिलने से लोगों का विश्वास उन पर बढा है।



# भौतिक गणित एवं कंप्यूटर पर अंतराष्ट्रीय परिसंवाद का आगाज

**जबलपुर। संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर के भौतिक संकाय द्वारा दो दिवसीय ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय परिसंवाद का शुभारंभ शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से किया गया ।**

प्रारंभ में डॉक्टर तापसी नागराज द्वारा ईश वंदना की गई ,इसके उपरांत परिसंवाद की संयोजिका एवं डीन भौतिक विज्ञान संकाय डॉ मीता दरबारी ने परिसंवाद के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और वर्तमान में इसकी उपयोगिता की चर्चा की। मेजबान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ फा. वलन अरासु ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि भौतिक गणित एवं कंप्यूटर पर आधारित यह परिसंवाद वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अत्यंत आवश्यक है इसका



जनकल्याणकारी होना इसके महत्व को और भी बढ़ा देता है । उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफ़ेसर गौतम दास गुप्ता कोलंबिया यूनिवर्सिटी यूएसए की उपस्थिति रही उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में भौतिक गणित एवं कंप्यूटर के क्षेत्र में किस प्रकार के अद्यतन प्रयोग हो रहे हैं और इनसे शिक्षा जगत किस प्रकार लाभ प्राप्त कर सकता है । उल्लेखनीय है कि परिसंवाद की ई स्मारिका का विमोचन भी इस अवसर पर किया गया इसकी प्रभारी श्रीमती श्रद्धा सोनी थी इस उद्घाटन सत्र

**ई स्मारिका का भी हुआ विमोचन**




का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मंदिरा कार के द्वारा किया गया।



## सदस्य सचिव श्री सिंह ने किया केन्द्रीय जेल का निरीक्षण

**जबलपुर,।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव धरमिंदर सिंह ने गुरूवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस केन्द्रीय जेल का निरीक्षण किया। केन्द्रीय जेल के वार्डों का निरीक्षण करते हुए मनोरोगी बंदियों के वार्ड में जाकर उनकी चिकित्सीय एवं अन्य समस्याओं के बारें में भी जानकारी ली गई। श्री सिंह द्वारा निरीक्षण के दौरान जेल में संचालित विधिक सहायता क्लीनिक की उपयोगिता बताते हुए क्लीनिक के माध्यम से जेल बंदियों के लिए आवश्यक विधिक सेवाएं प्रदान करने का निर्देष दिया गया। श्री सिंह द्वारा जेल में संधारित रजिस्टरों का निरीक्षण करते हुए बंदियों के लिए निर्धारित पाकशाला में बंदियों के लिए तैयार किए गए भोजन एवं साफ-सफाई आदि का परीक्षण किया गया ।



# बिजली बिल भुगतान का कार्य करें, घर बैठे कमीशन पाएं

## रोजगार के नए अवसर

**जबलपुर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी वर्तमान में बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं तो उपलब्ध करा ही रही है। इसके साथ ही अब व्यक्ति, एजेंसी, संस्था को रोजगार का अवसर भी उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया है। दरअसल कंपनी द्वारा बिजली बिल भुगतान का कार्य एजेंट के रूप में कराने पर निर्धारित कमीशन देने की योजना शुरू की गई है। योजना के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति/एजेंसी/संस्था कंपनी के एजेंट के रूप में बिल भुगतान जमा करने का कार्य कर सकती है। योजना के तहत कंपनी द्वारा प्रत्येक एजेंट को बिल भुगतान पर एक निर्धारित दर पर लाभ भी प्रदान किया जाएगा।

### योजना एक नजर में

■ कंपनी में पंजीकृत व्यक्ति/एजेंसी/संस्था को कंपनी के निष्ठा पोर्टल/निष्ठा मोबाइल एप पर एजेंट के रूप में बिजली बिलों का भुगतान कराना होगा।

■ कंपनी द्वारा राशि रू. 5 हजार तक के बिल भुगतान पर रू. 5 प्रति बिल कमीशन दिया जाएगा।

■ राशि रू. 5 हजार से अधिक के बिल भुगतान पर रू. 10 प्रति बिल कमीशन दिया जाएगा।

■ कंपनी द्वारा संबंधित व्यक्ति/एजेंसी/संस्था को कमीशन के अतिरिक्त जीएसटी का भुगतान भी किया जाएगा।

■ बिल भुगतान कराने हेतु संख्या का कोई बंधन नहीं।

### पंजीयन की पात्रता

■आवेदक का भारतीय नागरिक होना आवश्यक। -इच्छुक व्यक्ति/एजेंसी/संस्था का त्रस्ज्ञ्ढह्व अथवा क्क्ह्र नंबर अनिवार्य।

■ राष्ट्रीयकृत अथवा निजी बैंक में खाता अनिवार्य।

■ इंटरनेट सुविधा युक्त एंड्रायड स्मार्ट फोन अथवा कम्प्यूटर के साथ-साथ रसीद प्रिंट करने हेतु प्रिंटर अनिवार्य।

■ मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में अथवा कंपनी की अनुबंधित बाह्य स्त्रोत एजेंसी में कार्यरत व्यक्ति/कर्मचारी योजना के लिए पात्र नहीं।

■ पंजीयन की प्रक्रिया

■ इच्छुक व्यक्ति/एजेंसी/संस्था को कंपनी के पोर्टल श्चशहल्ल्ङ्ढद्य.द्वश्च५.द्वठ्ठ पर जाकर अपना पंजीयन कराना होगा।

■ वापसी योग्य पंजीयन शुल्क राशि रू. 5 हजार कंपनी में ऑनलाइन जमा करनी होगी।


■ पंजीयन उपरांत कंपनी द्वारा संबंधित व्यक्ति/एजेंसी/संस्था को ईमेल पर यूजर आईडी एवं पासवर्ड उपलब्ध कराया जाएगा।

■ मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री गणेश शंकर मिश्रा ने कहा है कि ऐसे नागरिक/एजेंसी/संस्था जो इस योजना के तहत एजेंट के रूप में कंपनी के साथ कार्य करना चाहती हैं, वे कंपनी के पोर्टल श्चशहल्ल्ङ्ढद्य.द्वश्च५.द्वठ्ठ पर 26 जुलाई से अपना पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने कहा है कि योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए नागरिक कंपनी के पोर्टल अथवा नजदीकी बिजली कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।



## विधायक श्री घनघोरिया ने सौंपी जिला अस्पताल को दो एम्बुलेंस

**जबलपुर,** ।जबलपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक व पूर्व मंत्री श्री लखन घनघोरिया ने आज अपने कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रत्नेश कुररिया को दो एम्बुलेंस भेंट की। सिविल सर्जन डॉ सी व्ही अरोरा, एल्गिन अस्पताल के अधीक्षक डॉ खरे, स्वास्थ विभाग के अन्य अधिकारी तथा गणमान्य नागरिकों में श्री कमलेश रावत, श्री मतीन अंसारी, श्री मुरलीधर राव इस अवसर पर मौजूद थे। विधायक द्वारा सौंपी गई एम्बुलेंस में से एक जिला चिकित्सालय एवं एक एम्बुलेंस एल्गिन अस्पताल में मौजूद रहेंगी।



## संपादकीय

# ओलंपिक में बढ़ी भारत की उम्मीदें

ओलंपिक खेलों का उद्घाटन समारोह दुनिया के खेल प्रेमियों को सुकून ही देगा। हालांकि, इन खेलों का आयोजन पहली बार एक साल के स्थगन के बाद जापान में हो रहा है, लेकिन खेलों के आयोजन को लेकर दिखायी गई प्रतिबद्धता मनुष्य की जिजीविषा का ही पर्याय है। जापान में इन खेलों का आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब यह देश कोरोना की चौथी लहर से जूझ रहा है। कोरोना संकट के चलते टोक्यो में आपातकाल लगा है जो खेलों के समापन तक जारी रहेगा। मेजबानी के लिये मशहूर जापान में दुनिया के खेल प्रेमी इस मेजबानी का लाभ कोरोना संकट के चलते नहीं उठा पायेंगे। केवल स्थानीय दर्शकों को स्टेडियमों में पूरे कोरोना प्रोटोकॉल के साथ जाने की अनुमति होगी। दुनिया के खेल प्रेमी टीवी पर ही इन खेलों का आनंद ले पायेंगे। हालांकि, जापान में इन खेलों के आयोजन के औचित्य पर सवाल खड़े किये जा रहे थे और विरोध भी जारी रहा, लेकिन जापान सरकार अपने फैसले पर अडिग रही। वैसे अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति भी खेलों को टालने के मूड में नहीं थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख ने भी खेलों के आयोजन को हरी झंडी दी और कहा कि एक साल से अधिक समय से अलगाव व तनाव में जी रही दुनिया को ये खेल नयी ऊर्जा देंगे। इस बार 23 जुलाई से आठ अगस्त तक होने वाले इन ओलंपिक खेलों में सख्त कोरोना प्रोटोकॉल के अलावा कई बातें विशिष्ट हैं। हालांकि, सॉफ्टबॉल की प्रतियोगिताएं उद्घाटन समारोह से दो दिन पहले ही शुरू हो चुकी हैं। कुल मिलाकर इस बार 33 खेलों में 339 मेडलों का फैसला होना है। इससे पहले तीन बार ओलंपिक खेलों का आयोजन कर चुके जापान के लिये अपने चौथे ओलंपिक का आयोजन खासा चुनौतीपूर्ण है। उसने इन खेलों के शुभांकर को मिराइतोवा व सोमाइटी नाम दिया है, जो जापान की सांस्कृतिक विरासत व आधुनिकता का पर्याय है। रोचक यह कि ओलंपिक के पदक पुराने इलेक्ट्रॉनिक सामान व फोनों से बनाये गये हैं। दरअसल, वक्त की जरूरत के हिसाब से इस बार के खेलों के आयोजन में कई नये बदलाव भी किये गये हैं। स्पर्धाओं में पांच नये खेल जोड़े गये हैं। टेबल टेनिस में मिक्स्ड डबल को भी जोड़ा गया है। स्वीमिंग में प्रतिभागियों की संख्या को लेकर भी बदलाव किये गये हैं। महिलाओं के लिये कुछ स्पर्धाएं बढ़ाई गई हैं और पुरुषों की भागीदारी को कुछ कम करके लैंगिक समानता को तरजीह दी गई है। तीरंदाजी में मिक्स्ड टीम इवेंट भी शामिल किया गया है, जिससे भारत की उम्मीदें भी बढ़ी हैं। भारत के 116 से अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक के लिये क्वॉलीफाई किया है, जिसमें तीरंदाजी, जेवलिन थ्रो, कुश्ती, एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, बैडमिंटन तथा हाकी में भारतीय खिलाड़ियों से देश की उम्मीदें बढ़ी हैं। देश की तरफ से पहली बार भवानी देवी ने फेंसिंग (तलवारबाजी) में अपनी जगह बनायी है। निशानेबाजों से देश को बड़ी उम्मीदें इसलिए भी जगी हैं क्योंकि पहली बार उन्होंने ओलंपिक के लिये सबसे ज्यादा कोटा हासिल किया है। हरियाणा-पंजाब के खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व सबसे ज्यादा है। विनेश फोगाट समेत क्वालीफाई करने वाले कई पहलवानों से बड़ी उम्मीदें बनी हुई हैं। दो दशक के बाद भारत घुड़सवारी में भाग ले रहा है, एशियन खेलों के पदक विजेता फवाद मिर्जा से उम्मीदें जगी हैं। बहरहाल, कोरोना संकट में कई नियमों के बदलाव के चलते खिलाड़ियों के लिये कई तरह की चुनौतियां तो हैं, लेकिन जीत का जज्बा बरकरार है। जापान पहुंचने के बाद चौदह दिन का क्वारंटीन, हर चार दिन में कोरोना टेस्ट, सीमित इलाकों में जाने की अनुमति, जीतने पर पदक खुद गले में डालने की कसक जैसे निर्णयों से खिलाड़ियों को कुछ असहज तो महसूस होगा ही, लेकिन महामारी के संकट में ये वक्त की दरकार भी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि संक्रमण के कुछ मामले पाये जाने के बावजूद खेल निर्विघ्न संपन्न होंगे।

# बेजोड़ कारनामों के बेजोस का जोश

दुनिया के सबसे बड़े अमीरों में शुमार जेफ बेजोस ने यदि दुनिया में चमत्कारिक सफलताएं हासिल की हैं तो उसके मूल में उनकी दूरदृष्टि, संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल तथा पक्का इरादा शामिल है। अरबपति अमेरिकी कारोबारी और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस ने बीते मंगलवार अपनी निजी कंपनी ब्लू ओरिजन के तत्वावधान में अंतरिक्ष की उड़ान भरी, जिसमें उनका भाई, एक 82 वर्षीय पूर्व पायलट वैली फंक और एक 18 साल का छात्र शामिल था। जो कालांतर दस मिनट व दस सेकेंड के बाद पैराशूट के जरिये वापस धरती पर आ गये। इस घटना को स्पेस टूरिज्म की शुरुआत माना जा रहा है। हालांकि कुछ दिन पहले ही ब्रिटिश अरबपति कारोबारी रिचर्ड ब्रैनसन वर्जिन गैलेक्टिक रॉकेट प्लेन के जरिये अंतरिक्ष के छोर तक पहुंचने में कामयाब हुए थे, जिसमें एक भारतीय मूल की बेटी सिरीशा बांदला भी शामिल थी। लेकिन बेजोस ने उस यात्रा से 16 किलोमीटर अधिक ऊंचाई तक उड़ान भरी और चार मिनट की भारहीनता में रहते हुए वापस धरती पर लौटे। बेजोस ने आज से डेढ़ दशक पहले स्पेस टूरिज्म का सपना देखा था और वर्ष 2004 में ब्लू ओरिजिन नाम की एरोस्पेस फर्म की स्थापना की थी, जिसका लक्ष्य महंगे टिकट पर लोगों को अंतरिक्ष की सैर कराना था। आज वो सपना हकीकत बन गया है।

दरअसल, बेजोस ने उड़ान के लिये उस दिन को चुना जब अमेरिका अपोलो यान के चांद पर उतरने की 52वीं वर्षगांठ मना रहा था। उन्होंने अमेरिका के पहले अंतरिक्ष यात्री एलन बी. शेपर्ड के नाम पर अपने यान का नाम न्यू शेफर्ड रखा। इस यान की उड़ान टेक्सस से बेजोस की निजी लान्च साइट वैन हॉर्न से रॉकेट के जरिये हुई। अंतरिक्ष में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये न्यू शेफर्ड को बड़ी-बड़ी खिड़कियों के साथ इस तरह बनाया गया है कि लोग अंतरिक्ष व अंतरिक्ष से धरती का नजारा देख सकें।सदा सुर्खियों में बने रहने वाले बेजोस की जिंदगी हमेशा ऐसी चमक-दमक भरी नहीं थी। उनके सपने बड़े थे और दिमाग उर्वरा। कभी एक गैराज से पुरानी किताबें बेचने वाले बेजोस यदि आज खरबों में खेल रहे हैं तो उसमें उनकी मेहनत और हवाओं के बहाव को सूंघने की क्षमता शामिल है। इंटरनेट के विस्तार के बाद ऑनलाइन में कितना बड़ा कारोबार हो सकता है, ये बेजोस ने दशकों पहले महसूस कर लिया था। कल्पना कि कैसे एक फोन पर बटन दबाकर घर बैठे खरीदारी की जा सकती है। बेजोस की कल्पना सार्थक होने की वजह से आज दुनिया के मॉल फीके पड़े हैं और परंपरागत दुकानें अपने अस्तित्व के लिये संघर्ष कर रही हैं। इसी सोच के चलते आज अमेजन की बादशाहत पूरी दुनिया में कायम है।

लेकिन बेजोस की जिंदगी की शुरुआत इतनी सुखद नहीं थी। उनका जन्म अमेरिका के न्यू मैक्सिको के अल्बुकर्क में बारह जनवरी 1964 में हुआ था। जब उनके पिता टेड जॉरगन्सन का विवाह उनकी मां जैकी से हुआ तो मां की उम्र महज सत्रह साल थी। यह रिश्ता महज एक साल ही चल पाया। तलाक के बाद उनकी मां ने माइक बेजोस के साथ विवाह कर लिया। जेफ पिता माइक बेजोस व मां के साथ ही टेक्सस व फ्लोरिडा में पले-बढ़े। बचपन से ही जेफ का रुझान विज्ञान और इंजीनियरिंग गतिविधियों की तरफ था। अपनी स्कूली शिक्षा के दौरान एक वाद-विवाद प्रतियोगिता में उन्होंने अंतरिक्ष में कॉलोनी बसाने की कल्पना पर प्रकाश डाला था। कालांतर वर्ष 1986 में उन्होंने इलेक्ट्रानिक इंजीनियरिंग बैचलर-इन-साइंस की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने वित्तीय कंपनियों में भी कुछ दिन काम किया। लेकिन तीस साल आते-आते उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी और जोखिम के रास्ते पर बढ़ने का फैसला किया। उनकी कल्पनाएं व महत्वाकांक्षाएं सदैव उन्हें विज्ञान की ओर उन्मुख करती थी। जो बाद में नये व्यावसायिक उद्यम अमेजन की शुरुआत करने में सहायक बनी। कालांतर उन्होंने कुछ पैसे जुटाये, कुछ परिवार की मदद ली और अपनी ई-कॉमर्स कंपनी में एक लाख डॉलर का निवेश किया। दरअसल, इस कंपनी की शुरुआत एक गैराज में पुरानी किताबें बेचने से हुई। बाद में इनकी कंपनी को चमत्कारिक सफलता मिली। उनका आइडिया इतने शानदार ढंग से हकीकत में बदला कि वर्ष 1995 में अमेजन को लॉन्च करने के बाद एक महीने में कंपनी को अमेरिका के पचास राज्यों तथा पैंतालिस देशों से ऑर्डर मिलने लगे। पांच साल होते-होते इसके ग्राहकों की संख्या एक करोड़ पार कर गई। जिसने उन्हें पैंतीस साल की उम्र में दुनिया का सबसे अमीर आदमी बनाया। आज उन्हें दुनिया में 'साइबर कॉमर्स का राजा' कहा जाता है। जहां उपन्यासकार मैकेंजी से उनका विवाह चर्चा में आया था वहीं लंबे वैवाहिक जीवन के बाद उनका तलाक भी सुर्खियों में रहा, जिसके लिये उन्होंने एक बड़ी रकम चुकाई थी। बेजोस ने साइबर कॉमर्स की दुनिया में बड़े प्रयोग किये। वे जोखिम के साथ निवेश करने से कभी नहीं चूके। उनकी नीतियां बाजार में आक्रामकता के लिये जानी जाती हैं। दाम घटाने, उपहार और मुफ्त डिलीवरी जैसे उपायों से उनकी कंपनी दुनिया के बाजार में छा जाती है। उन्हें किंडल ई-रीडर्स जैसा डिवाइस विकसित करने का श्रेय दिया जाता है। वहीं उन पर बाजार पर वर्चस्व के लिये सभी तरह के हथकंडे अपनाने तथा टैक्स न भरने व श्रम कानूनों के उल्लंघन के आरोप भी लगते रहे हैं।

**-अरुण नैथानी**

# सिस्टम बन गया बाधा

सिर्फ छह महीने बाद माना जा रहा है कि बाइडेन की चमक मद्धम पड़ गई है। बाइडेन ने शुरुआत जोरदार की। उनका कोरोना राहत पैकेज दुनिया भर में चर्चित रहा। लेकिन उनके अगले एजेंडे संसदीय प्रक्रियाओं में उलझ गए हैं। नतीजा है कि उनको लेकर पैदा हुआ उत्साह अब कमजोर पड़ गया है। अमेरिका में जो बाइडेन ने बतौर राष्ट्रपति छह महीने पूरे कर लिए हैं। वे एक कठिन परिस्थिति में राष्ट्रपति बने। तब सारा देश छह जनवरी को संसद भवन पर हुए हमले से हिला हुआ था। पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने हार स्वीकार करने से इनकार कर देश को एक अजीब असहज हाल में फंसा रखा था। पूर्व राष्ट्रपति के उस रुख का साया अब तक बाइडेन प्रशासन पर देखा जा रहा है। देश में घोर ध्रुवीकरण का ही असर है कि सिर्फ छह महीने बाद माना जा रहा है कि बाइडेन की चमक मद्धम पड़ गई है। बाइडेन ने शुरुआत जोरदार ढंग से की। उनका 1.9 ट्रिलियन का कोरोना राहत पैकेज दुनिया भर में चर्चित रहा। लेकिन उनके बाद के एजेंडे संसदीय प्रक्रियाओं में उलझ गए हैं। नतीजा है कि उनके कार्यकाल के पहले 100 दिन में जो उत्साह दिखा था, वह अब कमजोर पड़ गया है। बाइडेन का इन्फ्रास्ट्रक्चर पैकेज संसदीय पेच में उलझ गया है। बंदूक नियंत्रण, आव्रजन सुधार और पुलिस बर्बरता रोकने की उनकी पहल भी गतिरोध का शिकार हो गई है। बाइडेन के प्रोग्रेसिव समर्थक नाराज हैं कि राष्ट्रपति अपनी मध्यमार्गी सोच के कारण साहसी कदम नहीं उठा रहे हैं। जबकि कंजरवेटिव ताकतें ये आरोप लगा रही हैं कि बाइडेन अपने सोशलिस्ट समर्थकों के प्रभाव में हैँ। बहरहाल, यह तो साफ है कि बाइडेन के एजेंडे के आगे ना बढ़ पाने का कारण मौजूद ढांचा और सिस्टम है। एक महत्त्वपूर्ण बाधा फिलिबस्टर नियम बना हुआ है। इस कारण बाइडेन को ऐसे प्रस्तावों को पारित कराने के लिए चक्कर काटने पड़ रहे हैं, जिनका वादा उन्होंने अपने समर्थको से किया था। इस बीच अगले साल नवंबर में होने वाले सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव के चुनाव की चर्चा शुरू हो चुकी है। इसमें कहा जा रहा है कि अगर उन चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी ने और सीटें गंवा दीं, तो फिर उसके बाद बाइडेन प्रशासन के लिए कोई अहम कदम उठाना असंभव हो जाएगा। विश्लेषकों के मुताबिक जो बाइडेन से उम्मीद पूर्व राष्ट्रपतियों फ्रैंकलीन डी. रुजवेल्ट या लिंडन बी. जॉनसन जैसे दूरगामी महत्त्व के कदम उठाने की उम्मीदें पाली गई थी। लेकिन सच यह है कि बाइडेन के पास संसद में वैसा बहुमत नहीं है, जैसा उन दोनों राष्ट्रपति के साथ रहा था। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि बाइडेन अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं। लेकिन यह काफी साबित नहीं हो रहा है।

# आपका राशिफल 24 जुलाई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक-4-7-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-1-4-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-4-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-2-5-7

## फिल्म वर्ग पहेली- 5504



**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. 'संदेसे आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. अजय देवगन, तब्बू की 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें हम' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'खुशी' में फरदीन की नायिका?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो' गीत वाली राजकुमार, राजेशखन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनील दत्त, नूतन की फिल्म-३
१५. रेवती की पहली हिंदी फिल्म?-२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेन्द्र, नालासिन्हा की 'आज गालो मुस्करा लो' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की एक फिल्म-२
३०.'मिलती है झुकती है' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरूख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, शरद, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी?-३
१६. ऋषि कपूर, जेबा, अश्विनी भावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२०. 'जादू है नशा है' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में रणधीरकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बचा' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है?-३

**फिल्म वर्ग पहेली- 5503**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# चातुर्मास: संयम और संस्कृति के वैज्ञानिक नियम

आहार, विहार और विचार के परिष्करण का समय चातुर्मास आषाढ शुक्ल एकादशी से आरंभ होकर कार्तिक शुक्ल एकादशी तक चलता है। चातुर्मास का शाब्दिक अर्थ ही है चार माह। संयम और सहिष्णुता की साधना करने के लिए प्रेरित करने वाला समय। पर इसका सिर्फ धार्मिक महत्व ही हो, ऐसा नहीं है। इस दौरान तप, शास्त्राध्ययन एवं सत्संग आदि करने का तो विशेष महत्व है ही, सभी नियम सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यावहारिक दृष्टि से भी बडे उपयोगी हैं। विचारणीय यह है कि चातुर्मास के नियम वैज्ञानिकता से भी जु? हैं, जो मन और जीवन को श्रेष्ठता देते हैं। तभी तो यह धर्म, परम्परा, संस्कृति और स्वास्थ्य को एक सूत्र में पिरोने वाला समय माना जाता है।

### संयम और ठहराव की सीख

यह समय संयम को साधने का संदेश लिए है। बढ़ती असंवेदनशीलता के समय में संयम की यह साधना और भी आवश्यक हो जाती है। संयमित आचरण से हम न केवल मन को वश में करना सीखते हैं, बल्कि हमें धैर्य और समझ भरा व्यवहार करना भी आ जाता है। आज मामूली सी कहासुनी से शुरू हुए झगडे में जान ले लेने वाली खबरें आम हैं। ऐसे में हम सबका अपने व्यवहार के प्रति सजग होना जरूरी है। इसी जरूरत को पूरा करते हैं, जीवन से जुडे कुछ नियम जो हमें फिर से नया आधार देते हैं। भागमभाग भरी जिंदगी में थोडा समय निकालकर सोचने का मौका देते हैं। चातुर्मास ऐसा ही अवसर है, जिसमें हम खुद अपने ही नहीं औरों के अस्तित्व को भी स्वीकार कर उसे सम्मान देने के भाव को जीते हैं। यहीं से हमारे भीतर और बाहर के अंतर्विरोध और संघर्ष का अंत होना शुरू होता है।?अपनत्व और सहभागिता की सोच, विचार और व्यवहार को परिष्कृत करती है। कहा भी जाता है कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए संयम की साधना अति आवश्यक है। चातुर्मास हमें मन के वेग को संयम की रस्सी से बांधने की प्रेरणा देता है। भारतीय संस्कृति में हरेक पर्व-त्योहार के आध्यात्मिक पक्ष के साथ ही उनके सामाजिक पक्ष भी हैं। इनका आधार सर्वे भवंतु सुखिनः का भाव ही है। बीते समय में सरल, अशिक्षित जनता के लिये जो सुदृढ़, स्वास्थ्यप्रद परंपरायें बनाकर सौगात के रूप में दी गयीं, आज भी चातुर्मास में उनका पालन किया जाता है।

### नियमों की व्यावहारिक बुनियाद

धार्मिक और आध्यात्मिक ही नहीं, ऐसे कई व्यावहारिक कारण भी हैं, जिनके चलते इन चार महीनों में कोई मांगलिक कार्य नहीं होते। चातुर्मास की शुरुआत ऐसे माह से होती है जब खेती-बाडी का काम बहुत हुआ करता था।भारत जैसे कृषि प्रधान देश में जहां चौमासे की फसल से परिवार की वर्षभर की आवश्यकताएं पूरा हुआ करती थीं, इस समय घर के हर व्यक्ति को खेत खलिहान में ज्यादा से ज्यादा समय देना होता था। ऐसे धार्मिक, सामाजिक अनुष्ठान कर पाना बड़ा मुश्किल था।साथ ही बरसात के इस मौसम में बीमारियों का प्रकोप भी अधिक सबसे अधिक होता है।

## सूडोकु नवताल- 6025

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6024 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## विचार प्रवाह



कोई अच्छा कार्य करो तो उसका श्रेय अपने पास नहीं रखना। उसका श्रेय अपने मां बाप को दे देना, अपने प्रभु, अपने गुरु को दे देना। श्रेय अपने पास रखोगे तो इससे अहंकार पैदा होगा। और कभी कोई काम बिगड़ जाये तो उसकी जिम्मेदारी खुद अपने ऊपर ले लेना। इससे भूल सुधार तो हो ही जाएगी एक बड़े पाप से भी बच जाओगे। लेकिन तुम इतने बेईमान हो कि कुछ भी अच्छा हुआ तो कहते होमेरी वजह से हुआ है और कभी कुछ बुरा हो तो उसके लिए कभी पत्नी को, कभी बच्चों को तो कभी किसी और को जिम्मेदार ठहराते हो। यह कैसी नाइंसाफी है?

■ मुनिश्री तरुणसागर

## शब्द पहेली - 7096



**बाएँ से दाएँ**

1.दैत्य,असुर-3
3.रुकावट,बाधा-4
6.सम्मान-2
7.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
8.मूल,कंद-2
9.सलाह,मशवरा-2
10.मोटा आटा-2
12.सलाह देने वाला-5
14.जलाना-3
17.माला का मोती-3
19.उग्रवाद,हिंसा वाद-5
22.शराब,मदिरा-2
24.दुख,कष्ट-2
25.चेतना,ध्यान-2
27.सालन,रसा-3
28.प्राणेंद्रिय,इज्जत-2
29.राजकुमार (उर्दू-4)
30.अस्तित्व,प्राण तत्व-3

**ऊपर से नीचे**

1.खैरात,दक्षिणा-2
2.गोलाकार-5
3.नश्वर,जो कभी न मरे-3
4.प्रतिदिन-2
5.हृदय स्पंदन-4
6.विचार-3
9.मार्ग,रास्ता-2
11.अदालत में प्रस्तुत दावा-2
13.बब्बर शेर (अंग्रेजी-3)
15.सीरा,एक मिष्ठान्न-3
16.पतंग के पेच लड़ाना-5
17.बेसुध,अलमस्त-4
18.कार्य-2
20.जरा,थोड़ा-2
21.दरवाजा खटखटाना-3
23.इन्होंने कृष्ण को पाला था,कृष्ण की दूसरी मां-3
26.उकसावा,बढ़ावा-2
28.मैदे की एक प्रकार की रोटी-2

**शब्द पहेली -7095 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# बेमियादी हड़ताल पर जनपद व पंचायतों का अमला, कामकाज ठप

**भोपाल ।** प्रदेश भर की जनपदों व पंचायतों का अमला बेमियादी हड़ताल पर है। गुरुवार को हड़ताल करने वालों ने जिला व जनपद मुख्यालयों में विरोध दर्ज कराया। कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपे। हड़ताल से जनपदों व पंचायतों में कामकाज ठप रहा। आम आदमी परेशान हो रहे हैं। पंचायतों में निर्माण कार्य बंद हैं। मनरेगा के तहत मजदूरों को उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं हो पा रहा है। हड़ताल की वजह एक मुख्य कार्यपालन अधिकारी व उपयंत्री की पूर्व में मौत होना है। पूर्व से लंबित मांगों के लंबित होने से भी कर्मचारी नाराज हैं। 18 संगठन मिलकर हड़ताल कर रहे हैं। कर्मचारी 12 जुलाई को एकदिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहकर विरोध जता चुके हैं। हड़ताल में मुख्य रूप से जनपद के योजना प्रभारी, उपयंत्री, सहायक यंत्री, पंचायतों के सचिव और ग्राम रोजगार सहायक शामिल हैं। वहीं, जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हड़ताल का समर्थन कर रहे हैं। दरअसल, जनपद पंचायत के सीईओ, ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायक के अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले कर्मचारी संगठनों ने संयुक्त मोर्चा बनाया है। मोर्चे में और भी 18 संवर्ग के कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले कर्मचारी संगठन हैं। मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र सेंगर, दिनेश शर्मा, रोशन परमार ने आरोप लगाया कि भीकनगांव जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश बाहेती और धार जिले की गंधवानी जनपद के उपयंत्री प्रवीण पंवार की मौत काम के दबाव की वजह से ही हुई। मोर्चा में शामिल पदाधिकारियों का आरोप है कि काम के दबाव के कारण सीईओ ने आत्महत्या की है। उपयंत्री की मौत भी दबाव में हुई है।




### अमला कम, जिम्मेदारी अधिक

मोर्चा के पदाधिकारियों का आरोप है कि कोरोना संक्रमण के नियंत्रण का पूरा काम जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर पर किया गया है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के पास अधिक जिम्मेदारियां हैं और अमला कम है। ऊपर से अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का दबाव है। पंचायत स्तर पर सचिव और रोजगार सहायक पर अतिरिक्त काम का दबाव है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी से लेकर सहायक यंत्री, उपयंत्री, योजना प्रभारी, पंचायत सचिव और रोजगार सहायक परेशान हैं। मोर्चा ने चेतावनी दी है कि सीईओ व उपयंत्री की मौत के जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो, लंबित मांगों का निराकरण हो। यदि नहीं किया तो हड़ताल जारी रहेगी।

# दो साल बैंक कर्ज की किस्त माफी के लिए मुख्यमंत्री से मिलेंगे टेंट व्यवसायी

भोपाल। कोरोना काल में टेंट, केटरर्स व मैरिज गार्डन वालों का व?यवसाय बुरी तरह प्रभावित हुआ है। शादी-ब?याह में सीमित लोगों के ही शामिल होने की बंदिश के चलते ऐसे अधिकतर व?यवसायियों का धंधा पिछले तकरीबन डेढ़ साल से चौपट है। लिहाजा इनके लिए अपने परिवार का पेट पालना और कर्मचारियों को वेतन देना भी मुश?किल हो रहा है। हाल ही में फेडरेशन ऑफ मप्र टेंट वेलफेयर एसोसिएशन की भोपाल में हुई प्रदेशस्तरीय बैठक में इन मुद्दों को लेकर चर्चा की गई।भदभदा रोड पर एक मैरिज गार्डन में हुई बैठक में बैठक में भोपाल, इंदौर, खरगौन, खंडवा, हरदा, होशंगाबाद, उज्जैन, शाजापुर, राजगढ़, रायसेन समेत प्रदेश के 35 जिलों के टेंट व्यवसायी शामिल हुए। बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि आगामी दिनों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर दो साल तक बैंक कर्ज की किस?त माफ कराने, बिना ब्याज के बैंक लोन दिलाने सहित अन्य मांगें की जाएंगी। बैठक के दौरान नए अध?यक्ष और महासचिव का चुनाव भी हुआ। रामबाबू शर्मा को एसोसिएशन का नया अध?यक्ष सतनाम होरा को महासचिव चुना गया। चुनाव अधिकारी के रूप में रणवीर सिंह चावला और संजय लाला ने यह प्रक्रिया संपन्न कराई।मप्र टेंट एसोएिसशन के पूर्व प्रवक्ता पंडित चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि कोरोना काल में हुए लॉकडाउन के कारण शादियां नहीं हुईं। इससे टेंट व्यवसाय पूरी तरह ठप हो गया। सरकार आर्थिक तंगी से जूझ रहे टेंट व्यवसाय को पटरी पर लाने के लिए आर्थिक सहयोग करे। बैंक लोन में सबसिडी दिलाए। दो साल तक लोन की किस?त माफ कराए। नवंबर में देवउठनी ग्यारस से विवाह के मुहूर्त शुरू हो जाएंगे। तब तक टेंट व्यवसायियों की सरकार मदद करे।बता दें कि कोरोना काल में निरंतर दो सालों से टेंट व्यवसायी घाटे में जा रहे हैं। कोरोना के कारण सीमित संख्या में शादियां हुईं। इससे लोगों को टेंट लगाने की जरूरत ही नहीं पड़ी, जिससे टेंट व्यवसाय पूरी तरह ठप हो गया।




# कर्जदारों से बचने के लिए किसान ने गढ़ी लूट की झूठी कहानी



**भोपाल।** नजीराबाद थाना इलाके में मंगलवार शाम को किसान से एक लाख रुपये लूटने की वारदात झूठी साबित हुई। किसान ने कर्जदारों से बचने के लिए अपने बेटे के साथ लूट की झूठी कहानी गढ़ी थी। किसान के घर से एक लाख रुपये बरामद हो गए हैं। नजीराबाद थाना प्रभारी बीपी सिंह ने बताया कि शमशाबाद निवासी किसान परमानंद मीना (50) ने बुधवार सुबह थाने में लूट की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि उसने मंगलवार को कुरावर के ग्राम निपानिया चेतन में अपनी आधा बीघा जमीन सवा लाख रुपये में जयनारायण मीना को बेची थी। जमीन की लिखा पढ़ी नरसिंहगढ़ में हुई थी। वहां उसने 20 हजार रुपये की उधारी भगवानसिंह नाम के व्यक्ति की चुका दी थी। शेष एक लाख पांच हजार रुपये लेकर बेटे रामबाबू के साथ बाइक से वह घर के लिए रवाना हुआ था। शाम करीब सात बजे वह ग्राम बरखेड़ी देव स्थित 11 मील के पास पहुंचे, तभी कार से आए दो लोगों ने उनके रुपये छीन लिए थे।

### 12 घंटे बाद रिपोर्ट दर्ज कराने पर हुआ शक

टीआइ सिंह ने बताया कि जिस स्थान पर लूट होना बताया गया, वहां से अक्सर लोग गुजरते रहते हैं। आसपास के लोगों से पूछताछ में घटना की जानकारी नहीं मिली। इसके अलावा घटना के बाद परमानंद थाने आने के बजाए शमशाबाद स्थित अपने घर चला गया था। उसने अगले दिन 12 घंटे बाद शिकायत दर्ज कराई। इसलिए मामला संदिग्ध लग रहा था। पिता-पुत्र से अलग-अलग पूछताछ करने में उनके बयान अलग-अलग मिले। इससे सख?ती से पूछताछ करने पर परमानंद ने बताया कि वह बेल्डिंग का काम करता है। उसे लोगों के ढाई लाख रुपये उधार के वापस करना थे। इस वजह से कुछ दिनों के लिए कर्जदारों को टालने के लिए उसने बेटे के साथ मिलकर लूट की झूठी कहानी बना ली थी।

# मध्य प्रदेश की खेल प्रतिभाओं के चयन अभियान एक अगस्त से शुरू होगा




**भोपाल।** खेल एंव युवा कल्याण विभाग प्रदेश के ग्रामीण अंचलों की छुपी खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर प्रदान करने के लिए एक अगस्त प्रतिभा चयन कार्यक्रम प्रारंभ शुरू कर रहा है। खेल विभाग द्वारा स्कूल शिक्षा और आदिम जाति कल्याण विभाग के संयुक?त प्रयासों से जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर होने वाले टेलेंट सर्च के संबंध में टीटी नगर स?टेडियम में एनआईसी के माध्यम से वीडियो कांफ्रेंसिंग आयोजित की गई। इसमें सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों, जिला खेल अधिकारी, स्कूल शिक्षा और आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों को संचालक खेल और युवा कल्याण पवन जैन, आयुक्त स्कूल शिक्षा जयश्री कियावत, डिप्टी कमिश्नर आदिम जाति रीता सिंह एवं उप संचालक स्कूल शिक्षा आलोक खरे ने दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त संचालक खेल डॉ. विनोद प्रधान एवं बीएस यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।प्रथम चरण में जिला स्तर पर खिलाड़ियों का शारीरिक परीक्षण एवं संभाग स्तर पर स्किल टेस्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि टेलेंट सर्च के लिए जिलों को आवश्यक सामग्री, धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। खेल संचालक ने बताया कि 1 से 10 अगस्त तक जिला स्तर पर तथा 11 से 20 अगस्त तक संभाग स्तर पर टेलेन्ट सर्च कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। आयुक्त स्कूल शिक्षा जयश्री कियावत ने टेलेन्ट सर्च कार्यक्रम को खेल प्रतिभाओं के लिए एक शानदार मौका है। प्रदेश के सभी स्कूलों में प्रतिभा चयन कार्यक्रम की जानकारी पहुंचाई जा रही है। आदिम जाति विभाग की डिप्टी कमिश्नर रीता सिंह ने कहा ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए प्रयास किए जाएंगो यहा बहुत प्रतिभाएं मौजूद है।

# एमपीपीएससी की परीक्षा 25 जुलाई को 72 केंद्रों पर आयोजित होगी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग एमपीपीएससी की परीक्षा 25 जुलाई को 72 केंद्रों पर होगी। इनमें तीन केंद्र कोरोना संक्रमितों के लिए बनाए गए हैं। आयोग राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा आयोजित कर रहा है। इसमें कोरोना संक्रमण से बचने के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा सुबह दो सत्र में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक होगी। परीक्षा केंद्रों पर संक्रमण से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग व गृह विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उपायुक्त राजस्व संजू ने बताया कि भोपाल केन्द्र पर शामिल होने वाले अभ्यार्थियों से कहा गया है कि अगर कोई संक्रमित है, तो तत्काल समन्वयक नियंत्रण कक्ष के दूरभाष कमांक 07552540772 पर सूचित करें जिससे परीक्षा की समस्त विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सके। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के निर्देशानुसार तीन शासकीय शिक्षण संस्था क्रमश: शासकीय कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल जहांगीराबाद, शासकीय बालक हायर सेकण्डरी स्कूल बस स्टैंड दशहरा मैदान के पास बैरागढ़ एवं शासकीय नवीन कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल सेकंड बस स्टाप तुलसी नगर भोपाल में संकमित अभ्यर्थी के लिए परीक्षा में शामिल होने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा समस्त परीक्षा केन्द्रों पर एक अतिरिक्त कक्ष की व्यवस्था भी की गई है, जिसमें संक्रमण के संभावित लक्षण जैसे जुकाम, बुखार, सांस लेने में कठिनाई इत्यादि पाये जाने वाले अभ्यर्थी बैठ सकेगें। सभी अभ्यर्थियों से कहा गया है कि वे कोरोना संक्रमण से बचाव की समस्त गाइडलाइन का पालन करते हुए मास्क, फेसशील्ड, पारदर्शी 50 मिली बाटल सैनिटाइजर के साथ परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित हो सकेंगें।

# कर्मचारियों को आधे वेतन पर मिलेगी पांच साल की छुट्टी, हो रहा प्रस्ताव तैयार




**भोपाल।** मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार कर्मचारियों को शासकीय सेवा में रहते हुए निजी काम या नौकरी का मौका देने की तैयारी कर रही है। इसके तहत कर्मचारी अधिकतम पांच साल की लंबी छुट्टी लेकर कोई भी काम कर सकेंगे। इस अवधि में उन्हें आधा वेतन भी मिलता रहेगा। इस व्यवस्था में उनकी वरिष्ठता प्रभावित नहीं होगी। यह कवायद सरकार का खर्च कुछ कम करने के लिए की जा रही है। अभी राज्य सरकार करीब 60 हजार करोड़ रुपये सालाना वेतन-भत्तों पर खर्च कर रही है। हालांकि, शिक्षक, डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, पुलिस सहित ऐसे कई विभागों के कर्मचारी इसके दायरे में नहीं आएंगे, जिनकी सेवाएं अत्यावश्यक होती हैं।गौरतलब है कि सरकार के खर्च को कम करने के लिए वर्ष 2002 में दिग्विजय सरकार ने भी मध्य प्रदेश सिविल सेवाएं (फरलो) योजना शुरू की थी। यह योजना 2007 में भाजपा शासनकाल में बंद कर दी गई। करीब चार हजार कर्मचारियों ने इसका लाभ भी उठाया था। इसका फायदा यह रहा कि स्थापना व्यय कुछ कम हुआ।कोरोना संकट की वजह से प्रदेश में आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। इसे देखते हुए राज्य सरकार आय के स्रोत बढ़ाने के साथ खर्च कम करने की दिशा में काम कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री सचिवालय ने वित्त विभाग से कर्मचारियों को अवकाश देकर दूसरा काम करने की अनुमति देने की योजना का खाका बनाकर प्रस्तुत करने के लिए कहा है। वित्त विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक प्रारूप तैयार है। यह वर्ष 2002 की फरलो योजना जैसा ही है। इसमें स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्कूल शिक्षा, तकनीक से जुड़े कर्मचारी और पुलिस कर्मचारियों को दायरे से बाहर रखा जाएगा।

### पिछली बार सफल नहीं थी योजना

मंत्रालयीन अधिकारी-कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक का कहना है कि दिग्विजय सरकार के समय लागू की गई फरलो योजना सफल नहीं रही थी। मंत्रालय सेवा के कुछ ही कर्मचारियों ने इसका लाभ उठाया था।

### प्रदेश पर ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक कर्ज

मध्य प्रदेश सरकार पर अब कुल ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज हो चुका है। पिछले साल कोरोना की विशेष परिस्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने लगभग साढ़े 14 हजार करोड़ रुपये अतिरिक्त ऋण लेने की अनुमति दी थी। इसके माध्यम से अधिक ऋण लेकर प्रदेश सरकार ने आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित नहीं होने दिया था। इस बार भी यही रणनीति बनाई गई है।

# 31 अक्टूबर तक सरकारी कार्यालयों में सप्ताह में पांच दिन ही होगा काम

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी कार्यालयों में पांच दिन के सप्ताह की व्यवस्था 31 अक्टूबर तक जारी रहेगी। सभी कार्यालय सोमवार से शुक्रवार तक खुलेंगे। अभी यह व्यवस्था 31 जुलाई तक थी। कोरोना नियंत्रण के मद्देनजर सरकार ने इस व्यवस्था को जारी रखने का निर्णय लिया है।सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने इस बारे में बताया कि कोरोना महामारी पर नियंत्रण और बचाव के लिए आठ अप्रैल 2021 से प्रदेश में शासकीय कार्यालयों को सोमवार से शुक्रवार तक ही खोले जाने की व्यवस्था लागू की गई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन से लेकर अन्य संस्थाओं द्वारा तीसरी लहर की आशंका जताई जा रही है। इसके मद्देनजर सरकार ने तय किया है कि सप्ताह में पांच दिन ही कार्यालय खोलने की व्यवस्था को 31 अक्टूबर तक जारी रखा जाए। महाराष्ट्र के लिए बसों का आवागमन 28 जुलाई तक प्रतिबंधित रहेगावहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश के परिवहन एवं राजस्व मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि कोरोना वायरस के व्यापक संक्रमण पर प्रभावी रोकथाम के दृष्टिगत एवं लोकहित में महाराष्ट्र राज्य की सीमा पर 28 जुलाई 2021 तक की अवधि के लिये यात्री बसों के प्रवेश को स्थगित किया गया है।



### पूर्व में 21 जुलाई तक था

मध्यप्रदेश राज्य की समस्त यात्री बसें वाहनों का महाराष्ट्र राज्य की सीमा में प्रवेश तथा महाराष्ट्र राज्य की समस्त यात्री बसों का मध्यप्रदेश राज्य की सीमा में प्रवेश नहीं हो सकेगा। पूर्व में 21 जुलाई 2021 तक की अवधि के लिये यात्री बसों को प्रतिबंधित किया गया था। इसकी अवधि बढ़ाकर अब 28 जुलाई 2021 कर दी गई है।

# हमीदिया अस्पताल में फिर खराब हुई आपातकालीन चिकित्सा इकाई की लिफ्ट

### मरीजों को उठाकर ले जाना पड़ रहा दूसरी और तीसरी मंजिल पर

**भोपाल।** हमीदिया अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं। यहां पर इमरजेंसी की लिफ्ट दो महीने में दूसरी बार फिर से खराब हो गई है। बीते दिन से यह लिफ्ट बंद होने की वजह से मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। परिजन उन्हें स्ट्रेचर या व्हीलचेयर में उठाकर दूसरी और तीसरी मंजिल पर इलाज के ले जा रहे हैं। इसके लिए कम से कम चार लोगों की जरूरत पड़ रही है। वार्षिक रखरखाव के लिए ठेका नहीं हो पाने के कारण मरम्मत में दिक्कत आ रही है। ठेका नहीं हो पाने की वजह यह है कि मरम्मत करने वाली कंपनी के करीब छह लाख रुपए पिछला बकाया है। कंपनी ने साफ कर दिया है कि जब तक यह राशि नहीं चुकाई जाएगी, वह दोबारा अनुबंध नहीं करेगी। लिफ्ट बंद होने की वजह से सबसे ज्यादा दिक्कत हड्डी और दिल के मरीजों को हो रही है। डॉक्टरों की सलाह रहती है कि दिल के मरीजों को सीढ़ियां नहीं चढ़ना चाहिए, लेकिन लिफ्ट खराब होने की




### इसके पहले 17 जून को लिफ्ट खराब हुई थी!

वजह से उनके पास कोई विकल्प ही नहीं है।इसी तरह से पहली मंजिल पर भर्ती हड्डी के मरीजों को भी जांच के लिए कई बार नीचे उतरना पड़ता है और दोबारा वार्ड में पहुंचाना होता है। यहां भर्ती ज्यादातर मरीज चलने फिरने में असमर्थ हैं, लेकिन उन्हें भी परिजन चलाकर ले जा रहे हैं। स्ट्रेचर से उठाकर ले जाने में भी यह दिक्कत है कि घुमावदार सीढ़ियों में स्ट्रेचर लेकर नीचे उतरने ऊपर चढ़ने में मुश्किल होती है। इस संबंध में हमीदिया अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर लोकेंद्र दवे ने कहा कि लिफ्ट के वार्षिक रखरखाव के लिए सरकार से राशि मांगी गई है।

# अब जिला अस्पतालों में कोरोना की आरटी-पीसीआर जांच शुरू करने की तैयारी

**भोपाल ।** कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए जांच सुविधाएं बढ़ाने की कोशिश चल रही है। भोपाल समेत प्रदेश के 10 जिला अस्पतालों में कोरोना की आरटी-पीसीआर जांच शुरू करने की तैयारी है। भारत सरकार ने लैब स्थापित करने के लिए राज्य सरकार से प्रस्ताव मांगा था। स्वास्थ्य संचालनालय ने प्रस्ताव भेज भी दिया है। संचालनालय के अफसरों ने बताया कि केंद्र से आरटी-पीसीआर जांच की मशीन या फिर मशीन के लिए नकद राशि मिल सकती है। बाकी सुविधाएं जिला अस्पतालों की लैब में पहले से हैं, इसलिए जांच शुरू करने में देरी नहीं होगी। अधिकारियों ने बताया कि इन लैब में कोरोना के अलावा स्वाइन फ्लू, डेंग, चिकनगुनिया, जीका, कालरा, मीजल्स आदि बीमारियों के सैंपल?स की जांच भी हो सकेगी। इन अस्पतालों में पहले से संचालित पैथोलॉजी लैब को सुदृढ़ कर कोरोना और अन्य माइक्रोबायोलॉजिकल जांचें शुरू की जाएंगी। अभी सिर्फ मेडिकल कॉलेजों में कोरोना की आरटी-पीसीआर जांच की जा रही है।

### बजट में भी हो चुकी है घोषणा

इस साल के केंद्रीय बजट में देशभर के कुछ जिला अस्पतालों में पब्लिक हेल्थ लैबोरेट्री बनाने की घोषणा की गई थी। इसी के तहत 10 जिला अस्पतालों में लैब तैयार की जा रही है। पहले यह तय किया गया था कि संभागीय मुख्यालय वाले जिलों में लैब तैयार की जाएगी, लेकिन अब कुछ अन्य जिलों को भी शामिल किया गया है।



हाल ही में मुख्यमंत्री की कोरोना को लेकर की गई समीक्षा बैठक में भी यह लैब स्थापित करने की बात अधिकारियों ने उन्हें बताई है।

### आरटी-पीसीआर लैब बनने से यह होगा फायदा

जिला अस्पतालों में अभी टीबी की जांच करने वाली ट्रू-नॉट मशीन से कोरोना की जांच की जाती है, लेकिन इस मशीन से हर दिन करीब 20 जांचें ही हो पाती हैं। आरटी-पीसीआर मशीन आने के बाद हर दिन करीब 600 जांचें हो सकेंगी। लैब स्थापित करने के लिए चिन्हित छोटे जिलों में भी कोरोना की आरटी-पीसीआर जांच हो सकेगी।

### इन जिला अस्पतालों में शुरू होगी जांच की सुविधा

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सागर, जबलपुर, बालाघाट, सिंगरौली, मुरैना, बैतूल और मंदसौर।



## गुरुपूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम कल

**जबलपुर।** पंडित श्री तरुण चौबे जी महाराज जी के सानिध्य में जय मातेश्वरी भक्त परिवार शिष्य मण्डल द्वारा कल 24 जुलाई शनिवार को गुरु पूजन का कार्यक्रम सुबह 10 बजे से 2 बजे तक अग्रसेन कल्याण मण्डपम विजय नगर शेल्बी हॉस्पिटल के पीछे रखा गया है सभी गुरु भाई आकर गुरु पूजन करें व आशीर्वाद प्राप्त करें।

# वेक्शीनेशन सेंटर में उडी सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां

**6 सौ डोज लगवाने उमडी भारी भीड**

**सिहोरा।** नगर के हिन्दी स्कूल वेक्शीनेशन सेंटर पर गुरुवार को कोविड-19 के प्रथम एंव द्वितीय डोज लोगों को लगाया गया। इस दौरान सेंटर पर उमड़ी भीड़ ने सोशल डिस्टेंसिंग की जमकर धज्जिया उडाई। बताया जा रहा है कि नगर पालिका क्षेत्र के लिए मात्र 600 डोज की व्यवस्था की गई थी जबकि जिंदगी का टीका लगवाने वालों की संख्या हजारों में थी जिसकी वजह से यह स्थिति निर्मित हुई है।

### पहले लोग नही अब बैक्सीन नही

वैक्सीनेशन को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के चलते नगर में आज सुबह से ही वैक्सीनेशन सेंटर में जिंदगी का टीका लगवाना वालों की लंबी कतारें लग गई लोगों का कहना है कि जान है तो जहान है कोरोना संक्रमण एवं इससे बचाव के एकमात्र साधन वैक्सीनेशन को लेकर जागरूक हुए लोगों ने कोरोना गाइडलाईन मास्क एवं 2 गज की दूरी को दरकिनार करते हुए गाइडलाइन की जमकर धज्जियां उड़ाई कई सेंटर में वैक्सीन लगवाने छुटपुट झड़प भी होती नजर आई। लोगों का कहना है कि प्रशासन को नगर पालिका क्षेत्र की आबादी के अनुरूप वैक्सीनेशन के डोज की व्यवस्था करनी चाहिए पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन



ना होने के कारण उक्त सेंटर में दोपहर 1 बजे तक वैक्सीन समाप्त हो गई जिसके चलते हंगामे की स्थिति निर्मित होती रही। एवं सैकड़ों लोगों को वैक्सीन लगवाए बिना वापस लौटना पड़ा स्थानीय लोगों ने जिम्मेदारों से मांग की है कि वैक्सीनेशन वार्ड स्तर पर किया जाए जिससे आमजन को राहत के साथ-साथ सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो सकेगा।

### गर्भवती महिलाओं को लगेगी आज वेक्शीन

सिहोरा के हिन्दी स्कूल वेक्शीनेशन सेंटर पर आज गर्भवती महिलाओं को को-वेक्शीन का प्रथम एंव द्वितीय डोज लगाया जायेगा साथ ऐसी महिलाएं जो प्रथम डोज लगने के बाद गर्भवती हुई है और उनका वेक्शीनेशन का समय पूरा हो गया उनको भी को-वेक्शीन का सेकेन्ड डोज लगेगा।

### न्यायालय परिसर में भी लगी वैक्सीन

अधिवक्ता संघ सिहोरा के न्यायालय परिसर में आज कोविसील्ड वैक्सीन का दूसरा डोज लगाया गया जिसमे अधिवक्ताओं न्यायालीन कर्मचारियो को 40 डोज लगाये गए जिसमे न्यायधीश श्री विक्रम सिंह ,श्रीमति म्रिणालनी सिंह ,श्रीमति सविता ठाकुर एवं अधिवक्ता संघ सिहोरा के अध्यक्ष रविदीप सिंह बैस ,उपाध्यक्ष उमेश तिवारी ,सचिव संजय सिंह सेंगर ,सहसचिव आनन्द मणि त्रिपाठी, आलोक व्योहार,एस.पी.पटेल, राहुल तिवारी ,आशीष व्योहार, आलोक तिवारी ,नितेन्द्र पान्डे ,विनोद पटेल आदि अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

## कुत्तों के हमले से चीतल को बचाने के प्रयास में चौकीदार हुआ घायल

**अनूपपुर।** वन परिक्षेत्र अनूपपुर के किरर बीट में बुधवार की सुबह 5 से 6 बजे के लगभग आवारा कुत्तों द्वारा एक नर चीतल को दौड़ाकर पकड़ने की कोशिश करने चीतल के हल्ला करने पर पड़ोस में रह रहे राजू पिता चमरू नायक 48 वर्ष चीतल की आवाज सुनकर उसे बचाने गए इसी दौरान चीतल को पकड़ते समय अचानक उसकी सींग राजू के प्राइवेट पार्ट में लगने से राजू घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाए जाने पर ड्यूटी डॉक्टर धनीराम सिंह ने प्रारंभिक परीक्षण कर भर्ती किया तथा उपचार प्रारंभ किया ज्ञातव्य है की किरर क्षेत्र में आवारा कुत्तों द्वारा अक्सर वनों में विचरण कर रहे चीतलो को अपना शिकार बनाने के लिए घेर कर हमला कर शिकार करने का प्रयास करते चले आ रहे हैं जिससे वन्य प्राणी चीतल का समूह स्वतंत्र रूप से विचरण नहीं कर पा रहा है।

# लोको पायलट व गार्ड को उपकरण रखने कोई व्यवस्था नहीं

**रेल मजदूर संघ ने बैठक में अधिकारियों के समक्ष रखी समस्याएं**

**जबलपुर यश भारत।** रेल मजदूर संघ ने पश्चिम मध्य रेलवे प्रशासन के साथ हुई बैठक में चेताया बिना लाईन बॉक्स के रेल संचालन सम्भव नही वेस्ट सेन्ट्रल रेल मजदूर संघ ने पमरे के साथ हुई बैठक में रनिंग स्टॉफ (लोको पायलट्स व गार्डस) को ड्यूटी के दौरान अति आवश्यक उपकरणों को रखने के लिए लाइन बॉक्स की व्यवस्था के बगैर रेल संचालन सम्भव नहीं होने की दो ट्रक चेतावनी दी।महामंत्री अशोक शर्मा ने बैठक में उपस्थित अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस.के. अलबेला, प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता आर.के गुप्ता, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक राजेश पाठक के समक्ष कहा कि क्रू मेम्बर लोको पायलट एवं गार्ड के लाइन बॉक्स की व्यवस्था खत्म करना रेलवे की संरक्षा, सुरक्षा तथा समय पालन को नुकसान पहुँचाने वाला रेल संचालन के लिए आत्मघाती कदम होगा।रेल संरक्षा के दृष्टि से महत्वपूर्ण लाइन बॉक्स के अंदर हैंड बुक, मेमो बुक, जी एंड एसआर डायरेक्टरीज, एक्सीडेंट मेनुअल, सिग्नल लैम्प, टार्च, पिन पंच, स्करू ड्राइवर, डेटोनेटर, टेफलॉन टेप, वांषर्स , वाच, फ्लेगस, क्लिपस, हेमर, वॉकी-टॉकी, बैटरी चार्जर, पेन्टो, लैम्प, बल्ब, छैनी, रस्सी, चाकू, वायपर, ग्लास, सिग्नल चार्ट, पैर, मेग्नेट क्लिप, डस्टर, फ्यूज वायर, पांच लीटर पानी, बैठने की गद्दी, फर्स्ट एड बॉक्स, लॉक आदि लगभग 20 किलो से ज्यादा का सामान होता है।इसके अलावा गार्ड व लोको पायलट के निजी बैग में यूनिफार्म , टीशर्ट, पायजामा, अन्डर गारमेंट, टॉवल, दो चादर, तकिया, साबुन, सेविंग किट, राशन किट, थर्मस, टिफिन, अखबार, मोबाइल व चार्जर, स्पेयर पेन, स्केल, मार्कर, स्वटेर, इनर, गरम लोई, छाता, बरसाती, रेल कोट, सेनेटाईजर आदि 10 किलो सामान होता है।रनिंग स्टॉफ के लिए ऐसे में 25 से 30 किलो आदि में वजन पीठ पर या ट्रॉली वेग के रूप में परिवहन करना यार्डो, रोड साईड स्टेशनो, साइडिंग, प्लेटफार्म, रनिंग रूम की सीढ़ियों आदि में करना कठिन व कष्टदायी है।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में उपस्थित संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अमित भटनागर, संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार, मंडल अध्यक्ष एस.एन. शुक्ला, मंडल सचिव डी. पी. अग्रवाल, एस.आर. बाउरी, एस. के. सिंह, वी.पी. सिंह, रविन्द्र शर्मा आदि ने कहा है कि रेल संरक्षा व संचालन के लिए महत्वपूर्ण लाईन बाक्स की व्यवस्था बन्द करना हरगिज बर्दाश्त नही होगा।

# 20 जुलाई से जारी है कलम बंद हड़ताल

**कुंडम।** जनपद पंचायत कार्यालय के सामने नवगठित संयुक्त मोर्चा के तत्वोधान में जायज मांगों को लेकर 20 जुलाई से कलम बंद हड़ताल जारी पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अधिकारी कर्मचारी सचिव संगठन द्वारा जनपद कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया 19/07/2021 से अनिश्चितकालीन हड़ताल का प्रथम चरण जारी है जिसमें कुंडम जनपद पंचायत पी सी ओ, रेडियो ,रोजगार सहायक, उपयंत्री ,सहायक यंत्री जनपद पंचायत के बाबू लेखापाल सहित सभी पंचायत के सचिव गण अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल है जिससे पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्य रुके हुए हैं जबकि इन दिनों पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास, रोड निर्माण सहित अनेक योजनाओं के कार्य प्रगति पर है नवगठित संगठन के संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाएंगी हम अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे संयुक्त मोर्चा मे संयोजक प्रभात सिंह ठाकुर प्रमोद कुशराम मीडिया प्रभारी मुन्ना सिंह बरकडे सचिव जितेंद्र सिंह प्रवक्ता मनीष पांडे प्रदीप तिगाडे सचिव मोर्चा संरक्षक भाग सिंह मरावी कोषाअध्यक्ष संयुक्त मोर्चा कमल सिंह मरावी सचिव भोला सिंह जी आर एस सचिन साहू जी आर एस मनीष पांडे एपीओ एच के खरे अध्यक्ष एडीओ संघ सरोज बाई सचिव सुशीला सिंह आदि सचिव उपस्थित रहे।

### इनका कहना है.

हमारी जायज मांगों को लेकर संयुक्त मोर्चा के तत्वोधान में अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती।

**प्रभात सिंह ठाकुर संयुक्त मोर्चा संयोजक एवं अध्यक्ष सचिव संघ कुंडम.**



## नगर में सिद्धचक्र विधान की धूम

**पाटन।** नगर के पार्श्वनाथ बडा जैन मंदिर में चल रहे आठ दिवसीय सिद्धचक महामंडल विधान में सिद्धयो कई आराधना बडे ही भक्ति भाव से चल रही है प्रतिदिन शिवनगर जबलपुर से पधारे प्रतिष्ठाचार्य पंडित अशोक दानी जी द्वारा भक्तिमय अभिषेक पूजन और शाम को प्रवचन महाआरती के आयोजन के साथ छोटे छोटे बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में आज मैना सुंदरी नाटक की प्रस्तुति की जाएगी मंदिर के अध्यक्ष बालचंद जैन ने बताया कि मंदिर परिसर में एक बडे हाल का निर्माण किया जा चुका है बही बेदी और शिखर का कार्य भी तेज गति में है जिसमें सकल दिगंबर जैन समाज का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

# ठेमी थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली सन्देह के घेरे में

**गोटेगांव ।** राजकुमार दुबे एवं उनकी माँ के साथ हुई घटना पर अभी भी संज्ञान नहीसीएम हेल्पलाइन पर शिकायत एवं पुलिस अधीक्षक महोदय कार्यालय में आवेदन देने के बाद भी नहीं हुई कार्यवाही जिसके चलते अपराधियों के हौसले बुलंद एवं अपराधियों को मिल रहा बड़ा संरक्षण गोटेगांव--नगर के समीपी ग्राम बेलखेडी (शेढ)के राजकुमार दुबे और उनकी माँ पर हमला हुआ।विगत दिवस किये गए हमले की बजह उनकी माँ के द्वारा स्वयं के आम के लगे वृक्ष से फल तो?ना बताया गया है इस मामले में राजकुमार दुबे ने पुलिस थाना ठेमी में हमलावर जितेंद्र दुबे एवं दिलीप दुबे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज।कराई है साथ ही पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर को जांच करने व सम्बन्धितों के खिलाफ मामला कायम कर कार्यवाही की मांग की है एवं राजकुमार दुबे ने बताया कि अपराधी द्वारा कहाँ जा रहा है कि तेरा फर्जी मामला बनबा दूंगा एवं अब श्री दुबे ने कहा अगर यहाँ भी न्याय नहीं मिला तो में पुलिस महानिरीक्षक महोदय जबलपुर एवं पुलिस महानिदेशक भोपाल एवं गृह मंत्रालय तक जाउंगा। आशा है राजकुमार को न्याय।मिलेगा।शासन ध्यान दे।

## आधा घंटा झमाझम फिर रुक-रुक कर गिरा पानी, तेज धूप के बाद अचानक बदला मौसम

**बघराजी।** विगत दिवस तेज धूप निकलने के बाद से मौसम ने अचानक करवट बदल ली आसमान पर छाए काले बादलों के बाद करीब आधा घंटा जोरदार बारिश हुई इसके बाद देर शाम तक रुक रुक कर रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा तेज बारिश से जहां नगर दरबदर हो गया वही बारिश के बाद उमस बढ गई।बघराजी सहित आसपास के क्षेत्रों में बारिश होने के बाद किसानों के चेहरे खिल गए किसान रबी के बाद अब खरीफ फसल की बोवनी की तयारी मे जुट गए हैं ऐसे में प्री मानसून की बारिश होने से किसानों को लाभ मिलेगा।किसानों का कहना है कि बोवनी के पर्व बारिश होने से जमीन गीली हो जाती है इससे बीच जल्द ही अंकुरित होता है और फसल अच्छी होने की संभावनाएं बढ़ जाती है और आगे भी इसी तरह की बारिश हुई तो इस साल फसल अच्छी हो सकती है। बघराजी एवं आस पास के किसानों द्वारा खेती का कार्य प्रारंभ करने की तैयारी कर ली गई है इसके मद्देनजर देखते हुए जानकारों ने किसानों से अच्छी किस्म के बीजों का उपयोग करने की अपील की है मक्का के लिए अनुसंशित किस्मों मे जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर मक्का 218,216,12 का उपयोग मध्यम समय मे पकने वाली किस्मो के लिए जवाहर मक्का- 08 आजाद कमल का चयन किया जा सकता है। सोयाबीन के लिए कम वर्षा के लिए जेएस 20-34, 93-05 व सामान्य वर्षा के लिए एनआरसी 37,जेएस 95-60 किस्मों का चयन कर सकते हैं आरवीएस 2001-4 व जेएस 20-98 चाकोल स?न रोग के लिए नई विकसित किस्में जैसे जेआर-81,बी-01,201,206 किस्मों का चयन कर सकते हैं। धान की अच्छी उपज देने वाली किस्में डब्ल्यूजीएल 32100, एमटीयू 1010 आदि किस्मों का चयन कर अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं अरहर के लिए टीजेटी-501, राजीव लोचन, राजेश्वरी उकठा रोग अवरोधी किस्में होने से बीमारियों से होने वाले नुकसान को रोकती है।

## डॉ राकेश बोस जोनल उपाध्यक्ष नियुक्त



**गोटेगांव--** भारतीय रेलवे उपभोक्ता संरक्षण सलाहकार फोरम नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि सेंधिया जी के द्वारा एवं राष्ट्रीय संयोजक महेश जी पटेल की अनुशंसा पर डॉ राकेश बोस को जबलपुर जोन का जोनल उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है । फोरम के सभी पदाधिकारियों में विकास शर्मा संजय मेहता राज मल्होत्रा शिवानंद शुक्ला सविता मालवीय मुकेश त्रिपाठी सुनील गौतम संजय मालाकार राकेश चौक से दीपक सराठे शरद नेमा,पत्रकार गोटेगांव एवं अन्य सदस्यों ने डॉ बोस के जबलपुर जोन के उपाध्यक्ष बनाये जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं देकर बधाइयां प्रेषित की है।

# शाला परिसर में हमलावर बंदरों का आतंक

**बघराजी।** बघराजी में वन विभाग की उदासीनता का खामियाजा इन दिनों नौनिहालों को भुगतना पड रहा है नगर के अलग-अलग इलाकों में बंदरों का आतंक इस कदर बढ गया है कि आम लोगों के साथ-साथ अब इसका असर स्कूलों में भी देखने को मिल रहा है। ऐसे ही नजारा आज कल शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघराजी में देखने को मिल रहा है इस विद्यालय में बंदरों के आतंक से शिक्षक भी परेशान हैं क्योंकि बंदर काफी हमलावर हो गए हैं।बंदरों के आतंक की वजह से बच्चे भी एडमिशन कराने कम ही स्कूल आ रहे हैं बाकि के



बच्चों ने बंदरों के डर की वजह से स्कूल नहीं आ रहे हैं वहीं बंदरों के आतंक से त्रस्त शिक्षको का भी कहना है कि उन्हें भी स्कूल में प्रवेश कभी-कभी पडोसियों की मदद से करना पडता है।स्कूल में लंबे से बंदरों का आतंक जारी है कई बच्चों को बंदरों ने काट लिया है इस वजह से बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों को भी डर लगता है आलम ये है कि विद्यालय परिसर में भी शिक्षकों को पानी पीने और टॉयलेट जानें में भी मुश्किल हो रही है।शिक्षकों का कहना है कि बंदर कई बच्चों को काट चुके हैं उन्होंने बताया कि ग्राउंड में बंदर घुस जाते हैं यहीं वजह से कि बच्चे स्कूल में नहीं आ रहे है कई बार शिकायत करने के बाद भी वन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

## अभिलाष के मनोनयन पर हर्ष की लहर

**अनूपपुर** भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अभिलाष पाण्डेय को केन्द्रीय रेलवे बोर्ड की सबसे बड़े कमेटी के बोर्ड मेंबर नियुक्त किया है पांडे के मेंबर चुने जाने पर अनूपपुर जिले के भाजपा मैं युवा नेताओं में हर्ष की लहर देखी जा रही है, स्मरणीय हो कियह कमेटी देश भर के किसी भी स्टेशन और रेलवे से संबंधित विषयों को लेकर यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कमेटी सीधे केंद्रीय रेल मंत्री को रिपोर्ट करती है *समिति के सदस्यों के सुझाव अति महत्वपूर्ण माने जाते हैं* उक्त कमेटी में मध्यप्रदेश से सिर्फ एक ही सदस्य नियुक्त किया गया पांडे के बोर्ड मेंबर बनने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुनील गौतम, उमेश मिश्रा, रवि राठौर, जितेंद्र भट्ट ,हीरा सिंह जनपद अध्यक्ष पुष्पराजगढ़, स्वप्निल पांडे, अशोक राठौर, मनोज दुबे, सुभाष मिश्रा ,राज पांडे, मनीष तिवारी आदि युवा नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है !

# ट्रांसफर उद्योग का शिकार हुए भाजपा से प्रभावित लोग

**पूर्व में रहा चुनावी मुद्दा अब स्वयं पर पड़ रहा भारी**

**अनूपपुर।** 2018-19 विधानसभा चुनाव का जुमला ट्रांसफर उद्योग अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार में शामिल हुए कांग्रेस जन अपने स्वभाव में बदलाव नहीं कर पाए। सूत्रों के मुताबिक बताया जाता है कि हर पद के मुताबिक ट्रांसफर उद्योग में हर एक के स्थानांतरण के लिए राशि निश्चित की गई है। भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में पहली बार ट्रांसफर उद्योग प्रथा का चलन शिकार हुए स्वयं के लोग सरकार के द्वारा निरंतर कांग्रेश पार्टी के ऊपर ट्रांसफर उद्योग को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगाया जा रहा था और 2018-19 के विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी की सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा जिसको लेकर चुनाव में भीषण प्रचार प्रसार किया गया की कांग्रेस सरकार के द्वारा ट्रांसफर उद्योग चलाया जा रहा है यह बात हर नेता व जनप्रतिनिधियों के जुबान में चुनाव के दौरान उनके कार्यक्रमों मैं मंच से बोलते हुए सुना गया। आज वही ट्रांसफर उद्योग की पुनरावृत्ति स्वयं के द्वारा की जा रही है। जिसमें 2013-14 में मध्य प्रदेश पावर जेनरेटिंग कंपनी एम पी ई बी चचाई में स्थानांतरण हुए अधिकारी कर्मचारियों को मुक्त नहीं किया गया साथ ही कांग्रेश के 15 महीनों के कार्यकाल में 2019 को भाजपा कार्यकर्ताओं की सूची बनाई गई वही सूची उठाकर ट्रांसफर उद्योग की राजनीति मैं सक्रियता की वापसी पुनः हो गई। द्वेषपूर्ण भावना से ओतप्रोत होकर मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के मंत्रियों के द्वारा और पूर्व में कांग्रेस सरकार से भाजपा में आए लोगों के द्वारा पुनः ट्रांसफर उद्योग को तेजी प्रदान कर दी गई है। भाजपा पार्टी में विलय हुए कांग्रेस नेताओं के द्वारा मध्य प्रदेश सरकार के ऊपर दबाव बनाकर ऊर्जा मंत्रालय के द्वारा अपने ट्रांसफर उद्योग कार्यक्रम तटस्थ रहकर अनसुनी करते हुए लोगों का स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से किया गया एवं स्थान्तारित जगहों पर तत्काल प्रभाव से भेज दिया गया। क्या कारण है कि भारतीय जनता पार्टी की राजनीति में सक्रिय कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों की बात को अनसुनी करते हुए उनके स्थानांतरण कर दिए गए। भाजपा की सरकार में भाजपा के कार्यकर्ताओं के ऊपर हो रहे इस अन्याय का जिम्मेदार कौन?

## कुलभूषण विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत

**अमलाई ।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह ने भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा शहडोल के पूर्व जिला अध्यक्ष कुलभूषण शुक्ला को भाजपा जिला कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया है शुक्ला के विशेष आमंत्रित सदस्य बनने पर पूर्व विधायक छोटेलाल सराओगी, नापा अध्यक्ष कैलाश विश्नोई, राकेश पांडे, सतीश तिवारी, महेंद्र जैन, लल्ला केवट, हंसराज द्विवेदी, कमलेश विश्वकर्मा, अमृत दुबे आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की है।

# भगवान संपत्ति के नहीं केवल भाव के भूखे - पं.संदीप मिश्रा

**सिहोरा।** वार्ड १२ पालीवाल कालोनी कान्हा कुटी में चल रही सप्त दिवसीय भागवत कथा के पॉचवें दिन श्री अखण्ड कोटी ब्रम्हांड नायक श्री कृष्ण की बाल लीला का वर्णन करते हुए आचार्य श्री संदीप मिश्रा ने कहा कि जब भक्त भगवान को भोग लगाते हैं तो भगवान केवल उसका रसास्वादन करते हैं। और भक्त के अंदर की भक्ति देखते हैं। प्रभू धन दौलत के नहीं बल्कि भाव के भूखे होते हैं। जो सच्चे मन से उनकों मानता है वे उसी के हो जाते हैं। आचार्य श्री ने आगे कहा कि जो भी संसार की नासवान वस्तुओं को ज्यादा और भगवान को भक्ति को कम महत्व देता है तो उसकी जीवन की गाडी को भगवान इसी तरह पलट देते हैं। जिस तरह कंस के द्वारा भेजे गये दैत्य सकटासुर की बैलगाडी को एक पैर मारकर पलट दिया था। आगे कहा कि जिसके जीवन में ज्ञान, भक्ति, वैराग्य का उदय होता है उनको प्रभू की प्राप्ति हो जाती है। भगवान के नाम में इतनी बडी शक्ति होती है कि उसके लेने मात्र से मानव के सारे पाप कट जाते हैं। श्री गोवर्धन पूजा एवं कंश वध की मीमांशा करते हुए कहा कि जीवन में जब मुसीबत आए तो केवल भगवान की शरण में जाना चाहिए । कथा में श्री श्री १००८ श्री बनवारी दास जी महाराज ने भी उपस्थित होकर भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया । कथा के पूर्व श्रीमती विद्या तिवारी, अमित तिवारी, रेल्वे बोर्ड कमेटी के सदस्य अभिलाष पांडे, राजमणि बघेल,राजा मोर,माधव मिश्रा,टीटू सोनकर, अभिषेक परौहा, रोहित यादव, पलाश दुबे, शिवम चौरसिया, विशु जैन,आनंद श्रीवास,अंकित तिवारी,कान्हा तिवारी, आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया। आज कथा में कृष्ण रूकमणि विवाह की मीमांशा की जायेगी ।



# आज से ब्लॉक मोर्चा इकाई जनपद पंचायत कोतमा अनिश्चित कालीन कलम कार्यालय बंद हड़ताल पर



**कोतमा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिव व रोजगार सहायकों ने ज्ञापन के माध्यम से दी,थी सूचना**

**कोतमा।** मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अधिकारी/कर्मचारी संयुक्त मोर्चा राज्य इकाई के निर्देशन पर समस्त संगठनों द्वारा 12/07/2021को ज्ञापन सौंपकर यह मांग की गई थी कि 07 दिवस में कर्मचारियों के मांगों का निराकरण किया जाए।साथ ही यह भी अनुरोध किया गया था,कि सरकार द्वारा शीघ् पहल करके यदि कर्मचारियों के मांगों का निराकरण नहीं किया जाता है तो वह सामूहिक आंदोलन पर जाने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है,कि राज्य शासन के मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री, प्रमुख सचिव, कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सभी को संगठन की समस्त इकाइयों द्वारा ज्ञापन प्रेषित किए गए,किंतु आज तक शासन द्वारा हमारी मांगों के निराकरण हेतु कोई भी पहल नहीं की गई है।ऐसी स्थिति में राज्य इकाई के आह्वान पर आंदोलन के प्रथम चरण में दिनांक 19/07/2021 से 21/07/21 तक सामूहिक अवकाश आंदोलन किए जाने का निर्णय लिया गया।तथा मांगो का निराकरण नहीं होने की दशा में 22/07/2021 से सामूहिक अनिश्चित कालीन कलम कार्यालय बंद हड़ताल पर जाने की बात कहीं गई है। मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग संयुक्त मोर्चा की राज्य इकाई द्वारा 52 हजार गांव एवं 313 जनपद व जिलों में राज्य संवर्ग के 17 घटक संगठनों के अधिकारियो/कर्मचारियों के अंतर्गत मुख्य रूप से ग्राम पंचायतों में पदस्थ रोजगार सहायक एवं संविदा कर्मियों के नियमितीकरण हेतु रोजगार सहायक,सचिव संगठन तथा मनरेगा कर्मचारी संगठन की मांगे,मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अधिकारी कर्मचारी संघ की मांगे,मुख्य कार्यपालन अधिकारी संगठन की मांगे,अभियंता संघों की मांगे,जिला जनपद पंचायत कर्मचारी संघ की मांगे,म.प्र.पंचायत समन्वयक अधिकारी संघ की मांगे,प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत डाटा एंट्री ऑपरेटर संघ की मांगे ,सोशल ऑडिट स्टाफ वेलफेयर एसोसिएशन संघ की मांगे,सहायक विस्तार अधिकारी संघ की मांगे,स्वक्ष भारत मिशन ग्रामीण संघ की मांगे,प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण संघ की मांगे,मध्यप्रदेश कंप्यूटर ऑपरेटर महासंघ की मांगे,मध्यान्ह भोजन ग्रामीण संघ की मांगे,डी.आर.डी संघ की मांगे,वाटरशेड संविदा अधिकारी कर्मचारी संघ की मांगे सम्मिलित हैं।

## होटल बने मयखाने, अवैध शराब पैकारी में पुलिस का ठेकेदार को संरक्षण

# कोतमा में बड़े अवैध शराब के ठीहे, जगह-जगह अवैध शराब की पैकारी चालू

**कोतमा। अनूपपुर जिले के बड़े नगर के रूप में प्रख्यात कोतमा में इन दिनों अवैध शराब की तस्करी जोरों पर है। ठेकेदार द्वारा शराब दुकान से चरपहिया और दुपहिया वाहनों में शराब की पेटियों की सप्लाई जोरो की जा रही है। नए ठेके खुलने के बाद से अब तक पुलिस विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही अवैध शराब तस्करी को रोकने के लिए नहीं की गई है।**

कोतमा में चार पहिया वाहन में पुलिस के कुछ नुमाइंदों के बल पर शराब दुकान ठेकेदार के आदमियों के साथ मिलकर पैकारी करते हैं। कोतमा तथा आसपास के गांव में चार पहिया वाहन के माध्यम से अवैध रूप से शराब के प्रकारी की जाती है। शराब पैकारी में अमित और मुकेश द्वारा पुलिस मैनेजमेंट के साथ पैकारी का पूरा जिम्मा अपने कंधों पर लिया जाता है और स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठ कर जगह जगह अंग्रेजी और देसी शराब पहुंचाई जाती है।

### चार पहिया वाहन में ठेकेदार के आदमी करते हैं पैकारी

कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब ठेकेदार के आदमी अमित और मुकेश के द्वारा चार पहिया व दुपहिया वाहन के माध्यम से होटल ढाबा और आस-पास के गांव में शराब की अवैध रूप से पैकारी करवाई जाती है। शराब ठेकेदार के आदमियों द्वारा चार पहिया वाहन में पुलिस के नुमाइंदों को बैठा कर उनके साथ अवैध पैकारी को अंजाम दिया जाता है। बड़ी मात्रा में दुकान से शराब निकालकर कोतमा में स्थित होटल और ढाबों में बड़े पैमानों में शराब की तस्करी की जाती है जिसे होटलों और गांव में अवैध रूप से बेचा जाता है। साथ ही युवाओं के लिए ठेकेदार के आदमियों द्वारा घर पहुंच सुविधा भी शराब लिए उपलब्ध कराई जाती है। फोन पर शराब का ऑर्डर देकर घर या अन्य जगह आसानी से शराब डिस्काउंट रेट पर उपलब्ध करा दी जाती है।

### आस-पास के गांव में हो रही शराब की पैकारी

कोतमा शराब ठेकेदार द्वारा आसपास के गांवों और नगर में स्थित वार्डों में शराब की अवैध रूप से पैकारी करवाई जाती है। युवा तो छोड़ो आजकल के नाबालिग बालकों को भी आसानी से शराब उपलब्ध हो जा रही है। कोतमा नगर के समीप स्थित गांव में शराबों की पैकारी बेधड़क की जा रही है । कोतमा से चंद किलोमीटर की दूरी पर स्थित सेमरिया चौराहा, निगवानी, केवाई बेरियल, कोतमा ,वार्ड नंबर 1 ,वार्ड नंबर 10 , कदम टोला, गोविंदा कॉलरी, के साथ-साथ अन्य जगहों पर शराब की बड़ी मात्रा में पैकारी की जाती है। जिससे नगर की युवा पीढ़ी नशे में धुत होकर अपने वर्तमान को खोते जा रही है। सबसे बड़ी बात तो यह है जिन गाड़ियों में शराब की पैकारी की जाती है उन गाड़ियों में अक्सर पुलिस के नुमाइंदे देखे जाते हैं। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस विभाग के कुछ नुमाइंदों ने शराब पैकारी का जिम्मा अपने ऊपर ले रखा है। देखना यह है कि क्या उक्त शराब पैकारी पर कोई कार्यवाही पुलिस विभाग करेगी या धीरे-धीरे संपूर्ण नगर ही मयखाना में तब्दील हो जाएगा।

### होटल और ढाबा बने मयखाने

कोतमा नगर में स्थित होटल और ढाबे में शराब की पैकारी जाती है। जहां बैठ कर पीने की पूरी व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है। सूत्रों की माने तो नगर के कई वरिष्ठ नागरिक और बड़े नेताओं का उक्त ढाबा एवं होटलों पर रात्रि के समय जमावड़ा रहता है जहां सर्व सुविधा युक्त शराब उपलब्ध कराई जाती है। जबकि प्रशासन के नियम अनुसार किसी भी होटल वा ढाबा में शराब बैठ कर पीने की अनुमति नहीं रहती है फिर भी प्रशासन के नियम को दरकिनार कर इन होटल और ढाबों में शराब परोसी जा रही है।

### इनका कहना है

आपने जानकारी उपलब्ध कराई है कार्यवाही की जाएगी।

**आरके वैश्य**
**थाना प्रभारी कोतमा**

## सूचना

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।






# खेलों के महाकुंभ का आगाज


23 जुलाई यानी शुक्रवार को टोक्यो ओलंपिक की शुरुआत हो रही है। डीडी स्पोर्ट्स पर प्रतिदिन इसका सीधा प्रसारण होगा। वहीं, दूरदर्शन के अन्य चैनल और आकाशवाणी (एआईआर) इन वैश्विक खेलों के आयोजन पर विशेष कार्यक्रम प्रसारित करेंगे। बुधवार को इस बात की जानकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने बताया, प्रसार भारती दूरदर्शन और आकाशवाणी के अपने नेटवर्क और समर्पित खेल चैनल डीडी स्पोर्ट्स के माध्यम से ओलंपिक 2020 का कवरेज करेगा। भारत के 54 खिलाड़ियों समेत 88 सदस्यीय दल में तीरंदाज, महिला और पुरुष हॉकी टीम, टेबल टेनिस खिलाड़ी और तैराक भी शामिल हैं। निशानेबाज और मुक्केबाज भी क्रोएशिया और इटली में अपने अभ्यास स्थलों से टोक्यो पहुंच चुके हैं।

## पांच खेलों में बेटियों पर दारोमदार



भवानी देवी

देश की पहली तलवारबाज



नई दिल्ली। टोक्यो ओलंपिक के लिए लगातार दूसरी बार रिकॉर्ड 54 बेटियों ने क्वालिफाई किया है। इन खेलों में भारत का रिकॉर्ड 118 सदस्यीय दल भाग लेगा जो रियो ओलंपिक से एक ज्यादा है। यही नहीं पहली बार भारतीय खिलाड़ी 18 खेलों में चुनौती पेश करेंगे। इनमें से पांच में दारोमदार सिर्फ बेटियों के कंधों पर होगा।इनमें टेनिस अंकिता सानिया मिर्जा और अंकिता रैना, तलवारबाजी में भवानी देवी, जूडो में सुशीला देवी, जिम्नास्ट में परणीति नायक और वेटलिफ्टिंग मीराबाई चानू शामिल हैं।

पांच साल पहले रियो ओलंपिक में दो बेटियों शटलर पीवी सिंधू (रजत) और पहलवान साक्षी मलिक (कांस्य) ने पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया था। इस बार भी उम्मीद की डोरी बेटियों के हाथ में ही है। हरियाणा से सर्वाधिक 30 खिलाड़ी टोक्यो जाएंगे जिसमें से 18 बेटियां हैं। सानिया-अंकिता से आस टेनिस में सानिया मिर्जा और अंकिता रैना पर भारतीय उम्मीदों का बोझ होगा। यह दोनों युगल में चुनौती पेश करेंगी। सानिया चौथी बार तो रैना पहली बार ओलंपिक में खेलेंगी। सानिया और बोपन्ना 2016 में कांस्य पदक के प्लेऑफ मुकाबले में हार गए थे। सानिया के यह आखिरी ओलंपिक होंगे और वह पदक जीतकर इन्हें यादगार बनाना चाहेंगी।21 साल बाद मीरा वेटलिफ्टिंग में मीराबाई चानू (49 किग्रा) से 21 साल का पदक का सूखा खत्म करने की उम्मीद है। देश को वेटलिफ्टिंग में एकमात्र पदक कर्णम मल्लेश्वरी ने 2000 सिडनी ओलंपिक में कांस्य के रूप में दिलाया था।

सबसे बड़ी तलवारबाजी भवानी देवी ओलंपिक के अपने दम पर क्वालिफाई करने वाली देश की पहली तलवारबाज (महिला-पुरुष)हैं। वह अपने पहले ही ओलंपिक को यादगार बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगी। भवानी इटली में तैयारी कर रही हैं और वहीं से सीधे टोक्यो जाएंगी।

सुशीला भी कम नहीं

2014 राष्ट्रमंडल खेलों में जीत चुकी हैं रजत पदक

सुशीला देवी (48 किग्रा) ने एशियाई कोटे से टोक्यो का टिकट कटाया है। पहली बार ओलंपिक में खेलने को लेकर सुशीला काफी उत्साहित हैं। उन्होंने चोट से उबर कर शानदार वापसी की है।

दीपा के बाद परिणीति 2019 में एशियन आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में जीत चुकी हैं कांस्य पदक

परिणीति नायक ओलंपिक में खेलने वाली दूसरी भारतीय महिला जिम्नास्ट होंगी।


और मैरीकॉम बन जाएंगी ओलंपियन सांसद छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज मैरीकॉम ओलंपिक में पदक (2012, लंदन ओलंपिक) तो नौ साल पहले ही जीत चुकी हैं अब वह अपने आखिरी खेलों के महाकुंभ में स्वर्णिम विदाई चाहेंगी। अगर वह कोई भी पदक जीत लेती हैं तो वह देश के लिए ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन जाएंगी।

## शुभकामनाओं के साथ टोक्यो पहुंचे भारत के सभी जत्थे

टोक्यो ओलंपिक के शुरू होने में अब सिर्फ पांच दिन शेष है। दुनियाभर के खिलाड़ी खेलों के इस महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए जापान पहुंचने लगे हैं। इसी बीच भारत से भी खिलाड़ियों के जत्थे टोक्यो पहुंच गए। खिलाड़ियों का पहला जत्था भारत से शनिवार को रवाना हुआ और टोक्यो पहुंचा। भारत के 54 खिलाड़ियों समेत 88 सदस्यीय दल में तीरंदाज, महिला और पुरुष हॉकी टीम, टेबल टेनिस खिलाड़ी और तैराक भी शामिल हैं। निशानेबाज और मुक्केबाज भी क्रोएशिया और इटली में अपने अभ्यास स्थलों से टोक्यो पहुंच चुके हैं।भारत की तरफ से इस बार ओलंपिक में 127 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं और जो भारतीय इतिहास का सबसे बड़ा दल है। खिलाड़ियों और कर्मचारियों को एक विशेष समारोह के बाद शुभकामनाओं समेत टोक्यो के लिए रवाना किया। इस दौरान समारोह में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, राज्य मंत्री निशीथ प्रामाणिक, भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। ओलंपिक खेल 23 जुलाई से शुरू होंगे लेकिन इन्हें खाली स्टेडियमों में ही आयोजित किया जाएगा क्योंकि जापान की राजधानी में लगातार वायरस के मामले बढ़ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में यहां प्रतिदिन 1000 से अधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

## पीएम मोदी ने की विनेश फौगाट से कहा- टोक्यो में स्वर्ण जीत रियो का हिसाब करना चुकता

टोक्यो ओलपिंक के लिए क्वालिफाई करने वालीं जिले की एकमात्र महिला पहलवान विनेश फौगाट और उनके परिजनों से मंगलवार शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संवाद किया। विनेश से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि टोक्यो में स्वर्ण पदक जीतकर रियो ओलंपिक का हिसाब चुकता करना है। मोदी ने ओलंपिक के लिए विनेश फौगाट को शुभकामनाएं दीं




## भारतीय तीरंदाजों ने किया निराश, जाधव 31वें तो अतनु 35वें और 37वें नंबर पर रहे तरुणदीप

टोक्यो ओलंपिक में पुरुष रैंकिंग राउंड में भारतीय तीरंदाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। भारत की तरफ से अतुन दास से बहुत उम्मीद थी लेकिन वह रैंकिंग राउंड में 653 अंकों के साथ 35वें स्थान पर रहे। जबकि प्रवीण जाधव 656 अंकों के साथ 31वें और तरुणदीप राय 652 पॉइंट्स के साथ 37वें नंबर पर रहे।

पुरुष रैंकिंग राउंड में भारतीय तीरंदाजों का खराब प्रदर्शन-पुरुष रैंकिंग राउंड भी भी भारतीय तीरंदाजों ने निराश किया। प्रवीण जाधव 31वें, अतनु दास 35वें और तरुणदीप रॉय 37वें स्थान पर रहें। इससे पहले भारत की महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी 9वें स्थान पर रही थीं।

पहले हॉफ के बाद स्कोर - पहले हॉफ में भारतीय तीरंदाजों ने किया निराश-पहले हॉफ के बाद भारत के प्रवीण जाधव 329 अंकों के साथ 30वें, अतनु दास 329 अंको के साथ 31वें और तरुणदीप राय 323 अंको सहि साथ 45वें नंबर पर हैं। अब देखना होगा दूसरे हॉफ में भारतीय तीरंदाज क्या कर पाते हैं।

अतनु की लय बिगड़ी- पहले सेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले अतनु दास दूसरे और तीसरे सेट में अच्छी लय नहीं पकड़ पाए। वह 168 अंकों के साथ 11वें नंबर पर हैं। जबकि प्रवीण जाधव 35वें और तरुणदीप राय 45वें स्थान पर हैं।

पुरुष राउंड रैंकिंग मुकाबले शुरू- टोक्यो ओलंपिक में पुरुष रैकिंग राउंड का मुकाबला शुरू हो गया है। जिसमें भारत के तीन तीरंदाज शामिल हैं। अतनु ने अच्छी शुरुआत की। पहले सेट में 58 प्वॉइंट्स के साथ वह पांचवें नंबर पर हैं। तरुणदीप राय 55 अंकों के साथ 31वें और प्रवीण जाधव 54 अंको के साथ 40वें नंबर पर हैं।

एन सैन रहीं नंबर 1 पर- कोरिया की एन सैन ने ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया और वह 680 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहीं। वह वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने से 12 पॉइंट्स चूक गईं। इससे पहले रिकॉर्ड लीना हेरासिमेको के नाम था। जिन्होंने साल 1996 में अटलांटा ओलंपिक में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 673 का स्कोर बनाया था।

रैंकिंग राउंड में नवें स्थान पर रहीं दीपिका-रैंकिंग राउंड में दीपिका कुमारी नवें स्थान पर रहीं। उनका कुल स्कोर 663 का रहा। वहीं पहले हॉफ में वह चौथे नंबर थीं। लेकिन दूसरे हॉफ में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और अपनी लय खो दी। दूसरे राउंड में उनका स्कोर 55, 53, 56, 58, 53 और 54 का रहा।

# भारत के होनहार ओलंपिक में पदक जीतने के दावेदार

नई दिल्ली। टोक्यो ओलंपिक में 127 भारतीय एथलीट पदक जीतने के लिए जान लगा देंगे। निशानेबाजी में मनु भाकर, दिव्यांश, इलावेनिल, सौरभ चौधरी, कुश्ती में बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, बैडमिंटन में पीवी सिंधू, मुक्केबाजी में अमित पंघाल, मेरी कोम और एथलेटिक्स में नीरज चोपड़ा से सबसे ज्यादा उम्मीदें हैं। इसके अलावा भारतीय हॉकी टीम भी उलटफेर करने का माद्दा रखती है। ऐसे में जान लीजिए कि वे कौन से खिलाड़ी हैं, जो पदक के दावेदार माने जा रहे हैं, क्योंकि उन्होंने हाल में शानदार प्रदर्शन किया है।



## उद्घाटन समारोह में दम दिखाएगी भारतीय वायुसेना, पांच जवान लहराएंगे तिरंगा



टोक्यो ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में भारतीय वायुसेना के पांच जवान भारतीय दल का हिस्सा हैं, जो 23 जुलाई आजइस समारोह में भाग लेंगे। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने गुरुवार को बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी। बता दें कि उद्घाटन समारोह भारतीय समय के मुताबिक शाम 4-30 बजे से शुरू होगा। बयान के मुताबिक, सर्जेंट शिवपाल सिंह, सर्जेंट नूह निर्मल टॉम, जूनियर वारंट अधिकारी दीपक कुमार और कॉर्पोरल एलेक्स एंथोनी अलग-अलग इवेंट में अपना दम दिखाएंगे।

# जबलपुर शिक्षा अधिकारी का कारनामा

## प्यून की योग्यता रखने वालों को बना दिया सहायक शिक्षक विज्ञान

### 5 माह में शासन को 70 हजार का चूना, कौन भरपाई करेगा ?

**जबलपुर, यशभारत। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति करने में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। प्यून की योग्यता रखने वाले आवेदकों को सहायक शिक्षक विज्ञान बना दिया गया यही नहीं उन्हें सहायक शिक्षक का पद वेतन भी दिया गया।**

मामला उजागर होने के बाद डीईओ ऑफिस के कर्ताधर्ता अब आवेदकों के पास पहुंचकर उनसे लिखित में लेने की जुगत में है कि उनकी यह नियुक्ति भूलवश हुई है। जबलपुर शिक्षा विभाग में हुई गड़बड़ी के कारण शासन को 70 हजार रूपए का चूना लगा है अब सवाल ये उठता है कि यह राशि किससे वसूली जाएगी। क्योंकि जिन आवेदकों को पैसा मिला वह राशि लौटाने तैयार नहीं है।



#### कैसे हुई गड़बड़ी यहां समझे

मालूम हो कि सहायक शिक्षक विज्ञान पद के शिक्षक का वेतन शासन द्वारा निर्धारित 17 हजार 710 है इस प्रकार से एक सहायक शिक्षक को 5 माह में 88 हजार 550 रूपए भुगतान किया गया। वहीं एक प्यून का वेतन शासन द्वारा निर्धारित 10 हजार 850 है मतलब 5 माह में एक आवेदक को . 54 हजार 250 मिलने होते है। परंतु डीईओ ऑफिस में अनुकंपा नियुक्ति गड़बड़ी करते हुए प्यून को सहायक शिक्षक विज्ञान का वेतन दिया गया जो वित्तीय अनियमिताएं है।

#### शराब कांड में फंसे बाबू देख रहे अनुकंपा का काम

सूत्रों का कहना है कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सारा कामकाज उन बाबुओं के भरोसे है जो गंभीर प्रकरणों में फंसे हुए हैं। मालूम हो कि कुछ समय पूर्व संभागीय संयुक्त लोक शिक्षण कार्यालय में शराब कांड हुआ था जिसमें कार्यालय के कर्मचारी सहित अधिकारियों पर कार्रवाई हुई थी। इसी कांड में फंसे एक बाबू को उपकृत करते हुए डीईओ ऑफिस में अनुकंपा नियुक्ति का कार्य सौंपे दिया गया।

गलती हुई तो आवेदिका को परेशान कर रहे कर्मचारी बताया जा रहा है कि जिला शिक्षा अधिकारी और उनके कर्मचारियों से अनुकंपा नियुक्ति के इस प्रकरण में बड़ी गलती हो गई अब उसे सुधारने के लिए कार्यालय के कर्मचारी आवेदिका के घर पहुंचकर लिखित में लेना चाहते हैं कि जो अनुकंपा नियुक्ति हुई वह गलत है।

#### इनका कहना है

जबलपुर में अनुकंपा नियुक्ति में हुई गड़बड़ी की जानकारी प्राप्त हुई है, यह कैसे हुआ है इसकी जानकारी ली जाएगी। जांच में जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।

**जयश्री कियावत, आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल**

# हाईटेंशन लाइन से झुलसे युवक ने तोड़ा दम

### दीदी के निर्माणाधीन मकान की सरिया में था करंट

**गढ़ा थाने का मामला, इलाज के दौरान मौत**

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत पुरवा में एक निर्माणाधीन मकान के कॉलम की सरिया में हाइटेंशन लाइन से आ रहे करंट से झुलसे एक युवक ने आज मेडिकल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। युवक अपनी दीदी के निर्माणाधीन मकान को देखने के लिए गया हुआ था, तभी यह हादसा हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार आकाश दुबे उम्र 21 वर्ष पुरवा में रहता है और अपनी दीदी का निर्माणाधीन मकान देखने के लिए 14 जुलाई 2021 को गया हुआ था, हाइटेंशन लाइन मकान के बिल्कुल नीचे थी और छुकी हुई थी। जिसके चलते कॉलम की सरिया से लाइन टच हो गयी और उसी दरमियान युवक ने सरिया पकड़ ली। जिसके बाद वह झुलस गया और थोड़ी देर तड़पने के बाद बदहवाश होकर गिर गया। जिसके बाद परिजनों ने उसे आनन-फानन में मेडिकल में भर्ती करवाया था।

#### 9 दिनों के संघर्ष के बाद ली अंतिम सांस

आकाश दुबे को मेडिकल में भर्ती करवाने के करीब 9 दिनों तक इलाज चला, लेकिन आज इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी है। परिजनों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले साल भी एक की दर्दनाक मौत हुई थी, यहां हाईटेंशन लाइन छुकी हुई है। जिसके चलते हादसों में लोगों की दर्दनाक जान जा रही है।





# प्रभारी मंत्री ने फ्लाई ओव्हर कार्य की प्रगति जानी

**मूंग , उड़द के चल रहे उपार्जन कार्य की समीक्षा की**

**जबलपुर ।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव ने आज यहां कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में दमोह नाका से मदनमहल फ्लाई ओव्हर के निर्माण में हुई प्रगति की तथा समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द के चल रहे उपार्जन कार्य की समीक्षा की । बैठक में विधायक अजय विश्नोई, श्रीमती नन्दिनी मरावी, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, लखन घनघोरिया, तरुण भनोत, विनय सक्सेना एवं संजय यादव, जिला पंचायत की प्रशासनिक समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनोरमा पटेल, रानू तिवारी एवं जी एस ठाकुर मौजूद थे । प्रभारी मंत्री श्री भार्गव ने बैठक में दमोहनाका-मदनमहल फ्लाई ओव्हर के निर्माण को गति देने यूटिलिटी शिफ्टिंग और भू-अर्जन के कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिये । उन्होंने भू-अर्जन के मामलों में समय पर मुआवजा वितरण की हिदायत भी अधिकारियों को दी । प्रभारी मंत्री ने फ्लाई ओव्हर के निर्माण में दमोह नाका को भी शामिल करने के बैठक में मिले सुझाव पर सहमति व्यक्त करते हुये अधिकारियों से कहा कि इसके लिये सभी तकनीकी पहलुओं को ध्यान में रखते हुये प्रस्ताव तैयार करें ताकि इस पर विचार किया जा सके । श्री भार्गव ने बैठक में लोक निर्माण विभाग एवं एमपीएसआरडीसी द्वारा जिले के शहरी और निर्माण कार्यों बनाई जा रही सड़कों एवं पुलों के निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित कार्यों का ब्यौरा भी लिया । प्रभारी मंत्री ने बैठक में मूंग और उड़द के उपार्जन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि बिचौलिये इस व्यवस्था का किसी भी तरह अनुचित फायदा न उठा सके इसके पुख्ता इंतजाम किये जायें । श्री भार्गव ने बैठक में कहा कि किसानों से उनकी मूंग और उड़द की पूरी-पूरी उपज की खरीदी की जाएगी । बैठक में ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य में हुई प्रगति तथा स्मार्ट सिटी की शहर में चल रही परियोजनाओं की समीक्षा भी की गई । बैठक में कलेक्टर कर्मवीर शर्मा , पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा, नगर निगम कमिश्नर सन्दीप जी आर, जिला पंचायत सीईओ रिजु बाफना, अपर कलेक्टर हर्ष दीक्षित, अपर कलेक्टर राजेश बाथम आदि अधिकारी मौजूद हैं ।

# हनुमानताल में 85 हजार की चोरी

### नानी के घर गई थी महिला, सुबह आकर देखा तो टूटा मिला ताला

जबलपुर,यशभारत। थाना हनुमानताल अंतर्गत नानी के घर एक महिला के सूने मकान पर चोरों ने हाथ साफ करते हुए बीसी में मिले 70 हजार और जेवरात समेत कुल 85 हजार की चोरी की घटना को अंजाम देकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर, सीसीटीव्ही खंगाल रही है। लेकिन अभी तक चोरों का कहीं कोई सुराग नहीं है। जानकारी अनुसार श्रीमति हिना अंजुम उम्र 20 वर्ष निवासी स्लाटर हाउस हानुमानताल के रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह अपने पति के साथ अपनी नानी के घर टेढी नीम चली गयी थी, सुबह उसकी मम्मी को फ ोन पर सूचना मिली कि उसके घर का ताला टूटा है। माँ के द्वारा बताने पर अपने पति के साथ अपने घर पहुंची तो देखी कि घर का दरवाजा खुला था अलमारी का ताला एवं दरवाजा टूटा था, जिसमे रखे 70 हजार रूपये जो उसे बीसी में मिले थे एवं चाँदी की बाल चोटी, मेंहदी, पायल, गायब थी। कोई अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोडकर नगदी सहित 85 हजार रूपये कीमती जेवर चुरा ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर,जांच में लिया है।

# सिविल लाइन में बंदी ने तोड़ा दम

### काट रहा था आजीवन कारावास

**जबलपुर।** हत्या के प्रकरण में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक वृद्ध ने इलाज के दौरान आज दम तोड़ दिया । पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। थाना सिविल लाईन में अनुराग शर्मा उम्र 51 वर्ष केन्द्रीय जेल जबलपुर ने सूचना दी कि हत्या के प्रकरण में आजीवन कारावास के दण्ड से दंडित बंदी मिठाईलाल मंगलिया उम्र 68 वर्ष निवासी नेता कॉलोनी अधारताल का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने पर जेल चिकित्सक द्वारा 14 जुलाई को जांच एवं उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज रेफ र किये जाने पर जेल बल की अभिरक्षा में मेडिकल कॉलेज जबलपुर भेजा गया। जहां इलाज के दौरान बंदी की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है।

# सड़क दुर्घटना में पाटन के युवक की मौत

### जबलपुर से लौट रहे थे घर तभी सरोद ग्राम में बाइक ने मारी दी टक्कर

**जबलपुर यश भारत ।** पाटन थाना अंतर्गत रोसरा ग्राम के पास एक बाइक सवार की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि थापक वार्ड पाटन निवासी 24 वर्षीय सोनू पटेल पिता पन्नालाल पटेल एवं 45 वर्षीय संतोष पटेल पिता हरिलाल पटेल बाइक में सवार होकर जबलपुर में अपने किसी रिश्तेदार के यहां बैठने के लिए गए हुए थे, जब दोनों रात में बाइक से अपने घर पाटन लौट रहे थे। उसी दौरान रोसरा ग्राम के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने जबरदस्त टक्कर मार दी। जिसके बाद दोनों जमीन पर बदहवास गिर पड़े। वहीं, इस घटना की जानकारी पुलिस को लगते ही वह मौके पर पहुंची जहां से दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए पाटन अस्पताल लाया गया।



**आरोपी बाइक सवार की तलाश जारी**

#### मौके पर तोड़ा दम

जानकारी अनुसार घटना के बाद मची चीख-पुकार के दौरान जैसे ही घायल सोनू पटेल का डॉक्टरी परीक्षण करवाया, चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए दुर्घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। इस दुर्घटना में पाटन निवासी 45 वर्षीय संतोष पटेल को भी गंभीर रूप से चोट आने के कारण उसका पाटन स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया जा रहा है।

# घमापुर में शराब तस्कर पर दबिश

**जबलपुर,यशभारत।** घमापुर थाना अंतर्गत किराए के मकान में शराब बेचने के लिए रखे हुए एक शराब तस्कर को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से पुलिस को करीब एक लाख की मदिर जब्त कर, कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि राजेन्द्र शर्मा मुगल पराग न्यू कछियाना के पास अपने किराये के मकान के बाहर आंगन में अवैध अंग्रेजी शराब की पेटियां रखे हुए है और बेच रहा है। जिसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर, घेराबंदी करते हुए दबिस दी तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे बाद में पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी राजेन्द्र शर्मा उम्र 56 वर्ष निवासी कांचघर द्वारकानगर अपने आंगन में दिवाल के किनारे कुछ सामान बोरे के फट्टे से ढके रखा दिखा, बोरे फ ट्टे को हटाकर देखने पर 17 पेटी शराब रखी पाई गई। जिन्हें खोलकर चैक करने पर 4 पेटी में बाम्बे स्पेशल व्हिस्की 199 पाव, 4 पेटी में रम बाम्बे स्पेशल के 49 पाव, 9 पेटियों में गोवा व्हिस्की के 445 पाव रखे मिले। आरोपी से 826 पाव अंग्रेजी शराब कीमती लगभग एक लाख रुपए की जब्त करते हुए कार्यवाही हुए उक्त शराब कहां से और कैसे प्राप्त की, इस सम्बंध में पूछताछ जारी है।



# ट्रेन से कटकर अधेड़ व युवक की मौत

### डूडी रेलवे स्टेशन , बिलखरवा व झांसी घाट की घटना

**जबलपुर यश भारत।** ट्रेन से कटने से डूडी रेलवे स्टेशन में अधेड़ और बिलखरवा व झांसी घाट के बीच में एक युवक की मौत हो गई। डूडी रेलवे स्टेशन में एक 56 वर्षीय अधेड़ की ट्रेन से कटकर मौत होने की सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए दुर्घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। इस संबंध में जीआरपी ने बताया कि एक 56 वर्षीय अधेड़ रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई । जीआरपी द्वारा उसकी पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों में सूचना दी गई है । मर्ग कायम कर जांच में



लिया गया है। इसी तरह से शहपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिलखरवा व झांसी घाट के बीच में डाउन लाइन पर एक अज्ञात युवक ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली इस दुर्घटना की जानकारी रात ही को स्टेशन मास्टर द्वारा पुलिस को दी गई सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए मृतक के पहचान के प्रयास करने में लगी हुई है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक के दोनों हाथ काट कर अलग हो गए हैं और उसका सिर कुचला हुआ है दोनों पैर नग गंभीर चोट है प्रथम दृष्टया मालूम पड़ता है कि युवक ने खुदकुशी की है घटनास्थल के कुछ दूरी पर मोबाइल एवं आधार कार्ड पड़ा हुआ मिला है जिसमें रवि पिता बलराम निवासी मजुगामा जिला सागर लिखा होने के कारण इस घटना के संबंध में सागर कंट्रोल रूम से संपर्क कर मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )